संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 21 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 109 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा।




# विपक्ष के पास ना कोई नेता, न नीतिः मोदी

## कर्नाटक में पीएम मोदी ने एससी-एसटी और महिला शक्ति को बताया अपनी ताकत

**साधा निशाना**

**प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चिकबल्लापुर :** देशभर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चल रही है। पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण की तैयारियां हो रही हैं। इस बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का दौर भी तेज हो चला है। उधर कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

**मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार:** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। उन लोगों ने सरकार से सारी उम्मीदें खो दी थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में इन लोगों का खोया हुआ विश्वास फिर से वापस लौट आया है और पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं।

**यह नारी शक्ति का आशीर्वाद है कि मैं चलता जा रहा हूं :** पीएम ने कहा कि मैंने घर पर महिलाओं के सामने आने वाली सभी चुनौतियों को देखा है। भारत और दुनिया के सभी प्रमुख नेता मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं, लेकिन यह महिलाओं का आशीर्वाद है कि आपने मुझे जो सुरक्षा कवच दिया है, उससे मैं सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा कि हमने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया और अब हमारा अगला लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी। पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आज मैं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आप सभी के बीच आया हूं। आपके लिए मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



### जीवन का प्रत्येक क्षण देश के लिए समर्पितः मोदी

**पीएम ने** कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है और मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण आपके और देश के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, मैं गारंटी भी देता हूं और इसके लिए में 2047 तक हर दिन 24 घंटे काम करूंगा। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के पास ना तो वर्तमान में कोई नेता नहीं है और ना ही भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण है।

# आरक्षण के नाम पर कांग्रेस झूठ फैला रहीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोटाः कोटा** चुनावी जनसभा में जनता को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने गरजते हुए कहा कि राहुल बाबा झूठ मत बोलो, कान खोल कर सुन लो, कांग्रेस पार्टी अगर आरक्षण हटाना चाहती है तो भी जब तक भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जिंदा है हम एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने इतने सालों तक गरीबी हटाओ के नारे से वोट लिया गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी ने 25 करोड़ गरीबों का गरीबी रेखा के बाहर निकालने का काम किया। हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। वो झूठ फैलाने में लगे हैं कि 400 सीटें भाजपा को



मिलेंगी तो आरक्षण चला जाएगा। ये असल में झूठ के सरदार हैं।

**हमने देश को सुरक्षित बनाया :** हमारे पास पूर्ण बहुमत दस सालों से है। आपने 2014 और 2019 में भी पूर्ण बहुमत दिया है। हमने बहुमत का उपयोग आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। कांग्रेस वालों आपको बहुत मिला तो आपने इमरजेंस डाली थी। हमें बहुमत मिला हमने 370 को समाप्त किया। हमने राम मंदिर बनाया।

# भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम मोदीः राहुल गांधी

**निशाने पर पीएम**

**भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस 'क्रैश कोर्स' को जरूरी कर दिया है : राहुल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं, जिसमें वे खुद भ्रष्टाचार विज्ञान विषय के तहत चंदे का धंधा समेत हर चैप्टर खुद विस्तार से सिखा रहे हैं।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से दान की रकम जुटा रही है।



**राहुल गांधी का भाजपा पर आरोपः** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'छापेमारी कराकर दान कैसे लिया जाए? दान लेकर ठेके कैसे बांटे जाएं? भ्रष्ट लोगों को धुलने वाली वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है? किस तरह से जांच एजेंसियों को रिकवरी एजेंट बनाकर जमानत और जेल का खेल खेला जाता है?' राहुल गांधी ने लिखा कि 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस 'क्रैश कोर्स' को जरूरी कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है।' रगठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर हमेशा के लिए इस कोर्स को बंद कर देगी।

# सीएम नीतीश का लालू के 'परिवारवाद' पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया/कटिहार :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा के दौरान बड़ा बयान दे दिया है। कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लालू परिवार पर विवादित टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इन दिनों सब कुछ दावा करते हैं। जब उन्हें हटाया गया तो उन्होंने अपनी पत्नियों को नियुक्त किया। अब, इन दिनों यह उनके बच्चे हैं। आप पैदा तो बहुत



कर दिए। इतना ज्यादा बाल-बच्चा किसी को पैदा करना चाहिए किसो को क्या? लेकिन, इतना किया। अब उन्होंने अपने बेटे-बेटियों सबको

**विवादित बयान**

**आप पैदा तो बहुत कर दिए। इतना ज्यादा बाल-बच्चा किसी को पैदा करना चाहिए किसी को क्या?**

शामिल कर लिया है, वो हर जगह कुछ-न-कुछ कहते रहते हैं, पुरानी बातें भूल जाते हैं, इसलिए मैं सबको बताना चाहता हूं कि कोई भी काम नहीं हो पाता था बाहर, कोई सड़क या शिक्षा नहीं थी..." इससे पहले पूर्णिया के बनमनखी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पति-पत्नी ने बिहार में राज किया। पति हटे तो पत्नी को सीएम बना दिया। 2005 से पहले बिहार में कुछ भी नहीं था। लोग बाहर निकलने से डरते थे। इसके बाद देखिए कितना काम हुआ है। हमने सब काम करवाया।

# 'देश आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव को तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों को समाज के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया।






# ईडी के आरोपपत्र पर 25 को होगी सुनवाई, भेजा गया था समन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोपपत्र पर शनिवार को सुनवाई टल गई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में 25 अप्रैल को सुनवाई के लिए सुचीबद्ध किया है। मामले में आरोपित देवेंद्र मित्तल ने जमानत याचिका दायर की है।

विशेष न्यायाधीश भूपिंदर सिंह ने आरोपित देवेंद्र मित्तल की जमानत याचिका पर भी सुनवाई 25 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध की है। इससे पहले अदालत ने ईडी के आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए न्यायिक हिरासत में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को जेल अधीक्षक के माध्यम से और तजिंदर पाल सिंह, देवेंद्र कुमार मित्तल और मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड को पेशी का समन जारी किया था।

**आरोपपत्र की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश**

अदालत ने ईडी को आरोपितों को आरोपपत्र की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा था कि रिकार्ड पर रखी गई



सामग्री से ऐसा प्रतीत होता है कि सभी आरोपित व्यक्ति व कंपनी या तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय छिपाने, कब्जे, अधिग्रहण, उपयोग और उसे बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने या दावा करने से संबंधित प्रक्रिया या गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं। ईडी के मुताबिक जांच में पता चला कि मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड ने जाली दस्तावेज जमा करके बोली हासिल की। जगदीश कुमार अरोड़ा भी इस बात से अवगत है कि कंपनी निविदा की मंजूरी के लिए तकनीकी मानदंडों को पूरा नहीं करती है।

**अपराध की आय से लगभग 10 करोड़ रुपये अर्जितः** ईडी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली जल बोर्ड को जारी किए गए 24 करोड़ रुपये में से मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड को दिए गए काम के एवज में कथित तौर पर अपराध की आय से लगभग 10 करोड़ रुपये अर्जित किए गए और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड द्वारा साझा किया गया। आरोपित अनिल कुमार अग्रवाल, जगदीश कुमार अरोड़ा और दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता ने ठेका मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड को दिया था। जिसे आरोपित तजिंदर पाल सिंह के माध्यम से उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया था।

## बाल सुधार जेल के छात्र ने पास की परीक्षा

**ग्रेटर नोएडा।** 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी हो चुका है। यूपी बोर्ड के 101 साल के इतिहास में पहली बार है जब परीक्षा के बाद रिजल्ट इतनी जल्दी जारी हो गए हैं।

गौतमबुद्ध नगर में हाईस्कूल के 95.11 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के 84.96 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः (i) निविदा सूचना 81/2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)**
**(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.04.2024**

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 15.04.2024 से बदल कर 15.05.2024 कर दी गई है, पात्रता मानदंड, भुगतान शर्तें बदल दी गई हैं। निविदा के विरूद्ध ड्राइंग एवं स्पष्टीकरण संलग्न किया गया है। शेष सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**1174/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**Letter No.:-** DRM/C/AGRA/PAY & USE/POLICY/2023 **Dated:-** 16.04.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

**श्रेणीः** नार्मल पे एण्ड यूज | **नीलामी केटलॉग संख्याः** PNU-AGRA-RKM-03

**एसेट्स डिटेल्स :** राजा की मण्डी रेलवे स्टेशन पर नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट का संचालन एवं रख-रखाव।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक व समयः** दिनांकः- 02.05.2024 समयः- 11:00

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक व समयः** दिनांकः- 02.05.2024 समयः- 11:30

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **702/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# दिल्ली में बैठता था सरगना, ग्रेनो में संभलता था धंधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडाः** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमिक्रान-1 के मथुरापुर में पकड़ी गई 150 करोड़ रुपये की ड्रग्स की फैक्टरी और गिरफ्तार किए गए चार नाइजीरियाई नागरिकों का सरगना दिल्ली में बैठकर धंधा ऑपरेट करता था। वही इन लोगों को ड्रग्स बनाकर उसे सप्लाई करने को कहता था। दिल्ली तक यह लोग ड्रग्स के बंडल बाइक टैक्सी और अपनी प्राइवेट कारों से पहुंचा देते थे। आरोपियों से दो कारें भी बरामद हुई थीं। इस मामले ने अमेरिकी क्राइम ड्रामा ब्रेकिंग बैड और उसके नायक वॉल्टर व्हाइट की याद दिली। जिसमें वॉल्टर नशे की खेप को तैयार करता था और उसका साथी जेसी और उसके दोस्त उसे आगे पहुंचाते थे। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि ड्रग्स से आए पैसे के स्रोत को सही दिखाने के लिए इन लोगों ने दो फर्जी कंपनियां भी तैयार कर रखी थीं। इनमें एक कंपनी फर्टिलाइजर और दूसरी कपड़े के व्यापार की थी। असल में इनमें ऐसा कोई व्यापार नहीं होता था। इसके अलावा पकड़े गए आरोपियों का पहले पकड़े गए ड्रग्स के आरोपियों के साथ संपर्क होना भी पाया गया है। पुलिस के मुताबिक, मथुरापुर में मकान में छापा मारने के बाद वहां पर कुछ फोन नंबर भी मिले थे। इन नंबरों की जब जांच की गई तो जानकरी हुई कि आरोपी दिल्ली में बैठे किसी व्यक्ति के लगातार संपर्क में थे।

इन फोन नंबरों की अभी भी जांच चल रही है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र में एमडीएमए ड्रग्स बनाने की फैक्टरी का खुलासा किया। साथ ही यहां से नाइजीरिया के नागरिक जॅनबॉस्को, इनेनुएल, चिडी और ऑन्यौकैची फ्रैंक को गिरफ्तार किया था।

# अब आपात स्थिति में मेट्रो से भी हथियार लेकर यात्रा कर सकेंगे पुलिस के जवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आपात स्थिति में ट्रैफिक जाम से बचने और घटनास्थल पर जल्द पहुंचने के लिए दिल्ली पुलिस के जवान अब हथियारों के साथ भी मेट्रो ट्रेनों से यात्रा कर सकेंगे। डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) और मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के साथ 16 अप्रैल को हुई दिल्ली पुलिस की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है।

फिलहाल दिल्ली पुलिस के जवानों को हथियार लेकर मेट्रो में सफर करने की इजाजत नहीं है। एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के लिए अंतिम तौर-तरीके तैयार किए जा रहे हैं। संभवतः दिल्ली में लोकसभा



चुनाव से पहले इसे लागू किया जा सकता है।

**यात्रा करने वाला प्रत्येक कर्मी वर्दी पहनेगाः** मेट्रो पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक पुलिसकर्मियों का एक समूह बिना टोकन के यात्रा कर सकता है, लेकिन यात्रा से पहले उनके प्रभारी या प्रमुख को कर्मियों के कारण और विवरण के बारे में डीएमआरसी को सूचित करना होगा। उन्होंने कहा कि स्थिति के आधार पर एक कोच कर्मियों को समर्पित किया जा सकता है। यात्रा भुगतान के आधार पर होगी और यात्रा करने वाला प्रत्येक कर्मी वर्दी पहनेगा। एक जगह से दूसरे जगह पर जाने में लगते हैं घंटों दंगे जैसी स्थिति का उदाहरण देते हुए अधिकारी ने कहा कि ऐसे मामले में अतिरिक्त बल की आवश्यकता होती है। दिल्ली में यातायात का भारी दबाव होने के कारण कई बार बसों से बड़ी संख्या में उनकी आवाजाही मुश्किल हो जाती है। एक जिले से दूसरे जिले तक पहुंचने में एक घंटे से भी अधिक समय लग जाता है।

**पिक एंड ड्रॉप की होगी सुविधः** मेट्रो लाइन दिल्ली के लगभग हर हिस्से में फैल गई है और इसका उपयोग संकट के समय मौके पर पहुंचने के लिए समय बचाने में किया जा सकता है। योजना के अनुसार बल को घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मेट्रो स्टेशनों से "पिक एंड ड्राप" के लिए परिवहन प्रदान किया जाएगा।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक महिला का दहिना पॉव जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रीः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 17 साल, **पाँव की लम्बाई :** 1.5 सेन्टीमिटर, पीएफ नंबर 4–5 नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास आउटफिट एनडीएलएस पर मिला। इस संदर्भ में **डी.डी. नं 04ए दिनांक 16.04.2024** थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक महिला के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
DP/4636/RLY/2024 **फोनः 011-23363622, 8750871305**

### 12वीं में जिले में किया टॉप, प्रदेश में रहा 8वां स्थान

**गाजियाबाद :** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तर प्रदेश में आठवां और जिले में पहला स्थान हासिल करने वाले ध्रुव चौहान दिल के डॉक्टर बनना चाहते हैं। उनका कहना है कि आज की भाग दौड़ मैं लोगों में तनाव बढ़ रहा है, जिससे हार्ट की समस्या बन रही है। उनका सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है। गाजियाबाद के विजयनगर शिवपुरी कॉलोनी में रहने वाले ध्रुव चौहान के पिता विकास चौहान घर पर कोचिंग पढ़ाने का काम करते हैं। मां संतोष चौहान गृहिणी हैं। बेटे की सफलता पर माता-पिता गदगद हैं। ध्रुव के बड़े भाई रोहन चौहान एबीएस कॉलेज से बीटेक के छात्र हैं।

# दो होटल में चल रही थी जिस्मफरोशी, पुलिस ने मारा छापा

**रेड**

▶▶ ग्रीन ओयो होटल व मून ओयो होटल में की जा रही जिस्मफरोशी की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ः** यूपी के हापुड़ थाना क्षेत्र के पुराने हाइवे स्थित गांव उपैड़ा के पास बने ग्रीन ओयो होटल व मून ओयो होटल में की जा रही जिस्मफरोशी की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान यहां से नौ युवतियां व 14 युवक पकड़े गए हैं। पुलिस ने मौके से प्रिंटर, कागजात रजिस्टरों को कब्जे में लेकर होटलों को सील कर दिया है। वहीं, पुलिस की इस कार्रवाई से होटल संचालकों




में हडकंप की स्थिति पैदा हो गई। शनिवार को थाना बाबूगढ़ क्षेत्र स्थित एक ओयो होटल का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में इस होटल में एक व्यक्ति व दो युवतियां सिगरेट पीते हुए दिखाई पड़ रहे थे। इतना ही नहीं क्षेत्र में स्थित ओयो होटलों में हो रही जिस्मफरोशी की शिकायतें भी लगातार पुलिस से की जा रही थीं। शिकायतों व वीडियो का संज्ञान लेते हुए शनिवार को ट्रेनी सीओ पीयूष ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर पुराने हाइवे स्थित गांव उपैड़ा के पास बने ग्रीन ओयो होटल व मून ओयो होटल में छापेमारी की।

## झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**दनकौरः** दनकौर कस्बे में झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से शनिवार को दयावती (55) की मौत हो गई। क्लीनिक पर परिजनों के हंगामा करने पर आरोपी भाग निकला। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की है। प्रेमपुरी मोहल्ला निवासी ओमपाल ने बताया कि शनिवार दोपहर उनकी मां दयावती की तबीयत खराब हो गई थी।

**गुमशुदा महिला की तलाश**



सबाना खातून

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम सबाना खातून **W/o** तजीमुल हक **R/o** मस्जिद वाली गली, शनि बाजार रोड, समता विहार मुकुंदपुर, दिल्ली **उम्र** 24 साल जो कि 12.04.2024 को सुबह 4 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.53A दिनांक 13.04.2024** थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार हैः
**रंगः** गोरा, **कदः** 5'2", **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, जिसने हरे रंग का सूट–सलवार और चप्पल पहनी है।
अगर किसी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष भलस्वा डेयरी, दिल्ली को ई–मेलः **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइट : **http://cbi.nic.in** पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/–
फोन नं.: 011-24368638, 24368641 — थानाध्यक्षः भलस्वा डेयरी, दिल्ली
फैक्स नं.: 011-24368639 — फोनः 011-27811934, 27811933
दि.पु./4518/बाहरी उत्तर/2024 — मो.: 7065036328

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 24/24 **दिनांकः** 16.04.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30241751ए | नॉन-एस्वेस्टस बेस्ड 'के' टाईप हाई फिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक्स | 7676 नग | 07.05.2024 |
| 2 | 50235383ए | एलईडी सिगनल लाईटिंग | 280 नग | 13.05.2024 |
| 3 | 50235555 | एसएमपीएस बेस्ड आईपीएस | 34 नग | 15.05.2024 |
| 4 | 64235108B | सिल सेट | 962 सेट | 13.05.2024 |
| 5 | 64235194B | सोलेनोएड वाल्व | 487 नग | 22.05.2024 |
| 6 | 64245002A | व्हील फॉर बीसीएम / एफआरएम (फॉर्ज्ड) | 15 नग | 15.05.2024 |
| 7 | 64245018 | व्हील फॉर सीएसएम | 47 नग | 09.05.2024 |
| 8 | 64245092 | पावर्ड एक्सेल | 10 नग | 21.05.2024 |
| 9 | 64245094 | ड्राइव मोटर फॉर एमआरएम | 08 नग | 13.05.2024 |
| 10 | 64245093 | वर्किंग एक्सेल | 24 नग | 16.05.2024 |
| 11 | 64245106 | हाइड्रॉलिक प्रेशर वाल्व | 54 नग | 20.05.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **686/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# नोएडा में बेटियों का रहा दबदबा, टॉप 10 के 14 छात्रों में से 12 लड़कियों ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** इंटरमीडिएट में एक बार फिर बेटियों का दबदबा रहा है। टॉप-10 सूची में 14 में से 12 लड़कियां शामिल हैं। लगातार दूसरे साल जिले में पहले नंबर पर छात्रा का कब्जा रहा। टॉप-10 में सबसे अधिक आठ छात्राएं दादरी क्षेत्र की हैं। वहीं, पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जिले का परीक्षा परिणाम 2.55 प्रतिशत अधिक रहा हैं। 20 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं। जबकि पिछले वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 11 रही थी। वर्ष 2022 में एक भी छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल नहीं कर सका था।

इंटरमीडिएट की टॉप-10 सूची में एक बार फिर नोएडा के स्कूल फिसड्डी साबित हुए हैं। टॉप-10 में केवल दो छात्र नोएडा के हैं, जबकि बाकी सभी छात्र ग्रेटर नोएडा, दादरी, बिलासपुर और रबूपुरा क्षेत्र के हैं। पिछले वर्ष भी नोएडा का हाल ऐसा ही रहा था। तब टॉप-10 में नोएडा का एक भी छात्र शामिल नहीं था। वहीं टॉप-10 सूची में केवल दो छात्र हैं और बाकी 12 छात्राएं हैं। नंबर एक से लेकर 10 तक पर लड़कियों ने बाजी मारी है। ऐसा पहली बार हुआ है। सूची में शामिल दो छात्र नीरज सोलंकी ने दूसरा और अजीत कुमार राय ने 10वां स्थान लड़कियों के साथ साझा किया हैं। वहीं, लगातार दूसरे वर्ष परिणाम में लड़की ने परचम लहराया है। टॉप-10 सूची में दो नंबर पर दो, छह पर तीन और दस नंबर पर दो परीक्षार्थी रहे हैं।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# केजरीवाल की स्लो डेथ की हो रही साजिश: आप

## 'लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य की सुविधा देने वाले जनता के चुने हुए सीएम को दवा नहीं दी जा रही'





**आरोप**

**केजरीवाल कह रहे हैं कि शुगर लेवल बढ़ा हुआ उन्हें इंसुलिन चाहिए तो इंसुलिन देने से मना किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने दावा किया है कि दिल्ली के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य की सुविधा देने वाले जनता के चुने हुए सीएम को दवा नहीं दी जा रही है। उन्होंने दावा किया है कि केजरीवाल कह रहे हैं कि उनका शुगर लेवल बढ़ा हुआ उन्हें इंसुलिन चाहिए तो उन्हें इंसुलिन देने से मना किया जा रहा है। सौरभ ने दावा किया कि जेल में धीरे-धीरे केजरीवाल की हत्या की जा रही है। सौरभ ने कहा कि एक शुगर के मरीज को इंसुलिन न देने से उसकी नसें कमजोर होने लगती हैं।

**'शुगर के मरीज का ऐसे हो सकता मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर':** वह आगे बोले, नसों के कमजोर होने से धीरे-धीरे शरीर का एक-एक अंग जैसे लीवर, फेफड़ा और दिल आदि भी फेल होने लगते हैं और एक दिन मरीज मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर के चलते अपनी जान गंवा देता है। सौरभ ने आरोप लगाया, केजरीवाल के साथ ही ऐसा ही करने की साजिश रची जा रही है। ये लोग चाहते हैं कि केजरीवाल को समय से दवा न दी जाए ताकि उनके सेहत पर असर पड़े। फिर जब केजरीवाल जेल से छूटकर कुछ महीनों बाद बाहर आएं तो कभी वह लीवर, कभी फेफड़े और कभी दिल का इलाज कराते रहें और धीरे-धीरे वह मर जाएं। सौरभ ने कहा हम बस ये चाहते हैं कि अगर केजरीवाल को इंसुलिन की जरूरत है तो उन्हें इंसुलिन दी जाए।

### 'आबकारी नीति को लेकर झूठ बोल रहे भाजपा नेता...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने साक्षात्कार के दौरान सार्वजनिक तौर पर झूठ बोला। आबकारी नीति को लेकर भाजपा नेता लगातार झूठ बोल रहे हैं।

**शरथ रेड्डी जैसे लोगों से चंदा लेकर जमानत दिला रही भाजपा:** शरथ रेड्डी जैसे लोगों से चुनावी चंदा लेकर उन्हें जमानत भाजपा दिलवा रही है जबकि आप के अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया को बिना किसी सुबूत के गिरफ्तार कर लिया जाता है। इसे लेकर कोई कुछ बोल भी नहीं रहा। सच तो यह है कि कमल छाप दारू घोटाला भाजपा की ही साजिश है। रिश्वतखोरी इस शराब घोटाले पर भारी पड़ रही है। शरथ रेड्डी जब पहले कहता है कि उसने किसी को रिश्वत नहीं दी तो ईडी उसकी जमानत का विरोध करती है। इसके कुछ दिनों बाद जब वह जेल में परेशान हो जाता है और कहता है कि हां उसने 100 करोड़ में से कुछ हिस्सा रिश्वत का दिया तब उसे कमर दर्द के बहाने जमानत मिल जाती है।

# अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार मामले में 2.7 करोड़ रुपये जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए, 2002 प्रावधान के तहत ऑक्टाएफएक्स अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार मामले में 2.7 करोड़ रुपये की बैंक धनराशि जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ईडी की मुंबई टीम ने ऐप और वेबसाइट की तलाशी अभियान के दौरान 2.7 करोड़ रुपये की बैंक धनराशि जब्त की है। ईडी ने बताया कि इसके लिए 18 अप्रैल को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरों अर्थात ऑक्टाफैक्स ट्रेडिंग के माध्यम से अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार के मामले में चल रही जांच के हिस्से के रूप में तलाशी अभियान चलाया गया था।

# सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपनी अंतरिम जमानत याचिका कोर्ट से वापस ली। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी।

**नियमित जमानत पर फैसला 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित:** राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर फैसला 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से उपस्थित वकील विवेक जैन ने अदालत को बताया कि सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर कोर्ट आज अपना फैसला सुरक्षित रख लेगा, ऐसे में सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका निष्प्रभावी हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि विवेक जैन की इस दलील के मद्देनजर कि सिसोदिया की अंतरिम जमानत निष्प्रभावी हो गई है, इसका निपटारा किया जा सकता है, इसके बाद सिसोदिया ने अपनी अंतरिम जमानत वापस ली।



**सुनवाई**

**जांच अभी शुरूआती चरण में है। इनके अधिकतर लोग आर्थिक अपराधों का सामना कर रहे हैं**

सीबीआई के अधिवक्ता ने सिसोदिया की नियमित जमानत पर दलील दी। उन्होंने जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट का हवाला देते हुए कहा कि सिसोदिया जमानत देने की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। वो बराबरी के हकदार नहीं है। इस मामले में मुख्य आरोपित है।

**"मनमोहन सिंह ने कहा था भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर":** आरोपों से पता चलता है कि प्रथम दृष्टया मामला सुबूतों को नष्ट करने के साथ-साथ सत्ता के दुरुपयोग का भी बनता है, जिससे जांच में बाधा आ सकती है। जांच अभी शुरूआती चरण में है। इनके अधिकतर लोग आर्थिक अपराधों का सामना कर रहे हैं। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है।

# अमानतुल्लाह खान राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को करने का आदेश दिया। उन पर दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज करने का आरोप है। पेशी के दौरान उनके वकील ने कहा कि अमानतुल्लाह भाग नहीं रहे हैं। वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईडी के सामने पेश भी हुए थे। ईडी ने कहा कि अमानतुल्लाह को सात बार समन भेजा गया, जिसमें से वह तीन समन पर पेश नहीं हुए। यह अपराध है। इसलिए हमने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। ईडी ने मांग की है कि कोर्ट अमानतुल्लाह खान को अगली सुनवाई पर फिजिकल तौर पेश होने का निर्देश दे। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने 9 अप्रैल को ईडी की शिकायत पर अमानतुल्लाह खान को आज पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी ने याचिका दायर कर कहा था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था लेकिन वो पेश नहीं हुए। वह जांच में सहयोग भी नहीं कर रहे। ईडी के मुताबिक, अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। छापे के दौरान ऐसे कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं। उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।



**जिरह**

**उनके वकील ने कहा कि अमानतुल्लाह भाग नहीं रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईडी के सामने पेश भी हुए थे**

# कहानी लुटेरे की: अपराध की कमाई से की छोटी बहन की शादी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक देशी पिस्टल, दो कारतूस, एक चोरी की मोटरसाइकिल और पांच छीने गए मोबाइल फोन के साथ एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित अरशद उर्फ सबीम अपना गिरोह बनाना चाहता था। उसने अपराध की आय से अपनी छोटी बहन की शादी की।

**दिल्ली के थानों में दर्ज हैं 14 आपराधिक मामले :** आरोपित पर दिल्ली के विभिन्न थानों में 14 आपराधिक मामले में दर्ज हैं। आरोपित अपना खुद का (काना गिरोह) गिरोह बनाना चाहता है। अपराध शाखा के डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि 16 अप्रैल को अपराध शाखा के एसआइ पवन मलिक को विश्वसनीय स्त्रोत से सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि एक शातिर अपराधी चोरी की मोटसाइकिल पर अवैध हथियार के साथ संजय झील के पास पुराने पांडव नगर बस स्टाप के पास चोरी के मोबाइल बेचने के लिए अपने साथियों से मिलने आएगा। सूचना पर एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एसआइ पवन मलिक,हवलदार मोहित मलिक,सुधीर,सुरजीत और दीपक की एक टीम का गठन किया गया।

**दबोचने के लिए पुलिस ने बिछाया जाल:** टीम ने मुखबिर की निशानदेही पर पुराने पांडव नगर बस स्टाप पर जाल बिछाया और एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर तेजी से आते देखा, जिसको मुखबिर ने पहचान लिया और टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। आरोपित की पहचान अरशद उर्फ सबीम के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से पांच चोरी के मोबाइल फोन व एक देशी पिस्टल,दो कारतूस बरामद हुए।

**दूसरी कक्षा तक पढ़ा है अरशद:** सत्यापन के दौरान मोटरसाइकिल जामिया नगर इलाके से चोरी हुई पाई गई।

पूछताछ के दौरान अरशद ने बताया कि वह दूसरी कक्षा तक पढ़ा है और नशे का आदि है। नशे की लत पूरी करने के लिए वह चोरी,डकैती और झपटमारी करने लगा। अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी करता है और चोरी के वाहनों का उपयोग लूट एवं झपटमारी में करता है।

**2023 में आर्म्स एक्ट मामले में हुआ था गिरफ्तार:** 2023 में उसे पांडव नगर के एक आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था और मार्च 2024 में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। उसने हाल ही में अपनी आपराधिक गतिविधियों को तेज कर दिया है ताकि वह अपना खुद का गिरोह (काना गैंग) बना सके। उसकी दाहिनी आंख में खराबी के कारण उसके दोस्त उसे काना बुलाते हैं। उसने अपराध की कमाई से अपनी छोटी बहन की शादी की थी। आरोपित लूट,चोरी,छिनैती,आर्म्स एक्ट आदि के 14 मामलों में शामिल रहा है।



**काबू**

**उसने अपराध की आय से अपनी छोटी बहन की शादी की। दिल्ली के थानों में दर्ज हैं 14 आपराधिक मामले**

# आप को एमसीडी में भी मिला 'हाथ' का साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। वहीं अब कांग्रेस ने एमसीडी में भी आप को समर्थन देने का फैसला किया है। आगामी चुनाव में कांग्रेस आप के मेयर और डिप्टी मेयर उम्मीदवार को अपना समर्थन देंगे। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग प्रमुख पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर पार्टी के निगम प्रभारी जितेंद्र कोचर, निगम में कांग्रेस दल की नाजिया दानिश और पार्टी के प्रवक्ता अनुज आत्रेय भी मौजूद रहे। भारद्वाज और नाजिया ने संयुक्त रूप से कहा कि गठबंधन में आप हमारी साझीदार है तो निगम में भी हम उन्हें अपना समर्थन देंगे।

# तू-तू-मैं-मैं: 'आप तो भाजपा की भाषा बोल रहे हैं'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट से जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार को टिकट मिलने की वजह से कांग्रेस में असंतोष सामने आ गया। पहले इस बात की चर्चा पर पार्टी के नेता सिरे से इनकार कर देते थे, वही झगड़ा शुक्रवार को सरेआम हो गया। बात है शुक्रवार शाम की जब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार कन्हैया कुमार और क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के बीच परिचय बैठक चल रही थी। बैठक शुरू हो चुकी थी और पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित कुछ देर से वहां पहुंचे। टिकट मिलने के बाद यह पहला मौका था जब कन्हैया प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। यह बैठक चुनावी रणनीति तैयार करने करने के लिए हुई थी।

**कन्हैया ने दी अपनी सीट तो भड़क गए संदीप दीक्षित:** इस बैठक में देर से पहुंचे संदीप दीक्षित मंच के सामने ही पीछे की सीट पर बैठ गए। तब प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने उन्हें आगे बुलाया। इस पर संदीप ने मना कर दिया तो लवली ने फिर उन्हें जोर देकर आगे आने को कहा। लवली के कहने पर संदीप आगे आने लगे तो कन्हैया ने भी खड़े होकर अपनी सीट उन्हें बैठने को दे दी। इस पर संदीप भड़क गए और कन्हैया कुमार को भला-बुरा कहने लगे। हद तो तब हो गई जब संदीप ने कन्हैया को 'बाहरी' कह दिया। इस पर दीपक बाबरिया को भी संदीप पर गुस्सा आ गया और उन्होंने संदीप दीक्षित को शांत रहने की नसीहत दी। संदीप दीक्षित का गुस्सा इस पर भी शांत नहीं हुआ। उन्हें इतने गुस्से में देखकर कन्हैया कुमार ने भी कह दिया कि आप तो भाजपा की भाषा बोल रहे हैं। इतने में संदीप दीक्षित और भड़क गए।

**कुछ अन्य कांग्रेसी भी आए संदीप के पक्ष में:** कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें काफी शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वह शांत नहीं हुए। संदीप दीक्षित ने बाबरिया को भी नहीं बख्शा। हंगामा काफी देर तक चलता रहा, अपशब्द बोले गए।

**हंगामा बरपा**

**कन्हैया कुमार-संदीप दीक्षित में हुई तीखी बहस, कन्हैया कुमार को टिकट मिलने की वजह से कांग्रेस में असंतोष**

# गृह मंत्रालय ने विधानसभा सचिव को किया सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गृह मंत्रालय ने दिल्ली विधानसभा सचिव राज कुमार के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। गृह मंत्रालय ने अनियमितताओं के लिए दिल्ली विधानसभा सचिव और कैडर अधिकारी को निलंबित किया है। गृह मंत्रालय ने उनके कार्यकाल के दौरान रानी झांसी फ्लाईओवर से संबंधित कथित अनियमितताओं के मामले में यह कार्रवाई की है। मालूम हो कि पिछले साल सितंबर में, राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) ने दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के एक पैनल की सिफारिशों के बाद राज कुमार को निलंबित करने की सिफारिश की थी। इस संबंध में राज कुमार ने पीटीआई से कहा, "मुझे अपने निलंबन के बारे में गृह मंत्रालय का आदेश मिल गया है। यह एक पुराना मामला है।

**सख्ती**

**गृह मंत्रालय ने दिल्ली विधानसभा सचिव राज कुमार के खिलाफ सख्त एक्शन लिया**

# बढ़ती गर्मी को लेकर स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में बढ़ते तापमान से स्कूली विद्यार्थियों को लेकर दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय ने कहा कि गर्मी के मौसम में दिल्ली में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। जो कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। एनसीआर में तापमान में वृद्धि के कारण लोगों में थकावट, डिहाइड्रेशन, दस्त और उल्टी समेत अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियों की घटनाएं बढ़ गई हैं।

**दोपहर में प्रार्थना सभा करने से बचें:** निदेशालय ने कहा कि गर्मी में विद्यार्थियों को गर्मी से संबंधित इन बीमारियों से बचाव के लिए कुछ कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। निदेशालय ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि वो बच्चों के गर्मी से बचाव को लेकर उचित उपाय अपनाने के लिए उन्हें जागरुक करें। निदेशालय ने दोपहर की पाली में संचालित सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि स्कूलों में छात्रों की प्रार्थना सभा से बचें। साथ ही स्कूलों में छात्रों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।



**बीच-बीच में पानी के लिए मिले ब्रेक :** उन्होंने कहा कि गर्मी अधिक है ऐसे में कक्षाओं के दौरान छात्रों को बीच-बीच में पानी पीने का भी ब्रेक दिया जाना चाहिए। वहीं, स्कूल में आते व निकलते समय विद्यार्थियों को सीधे धूप के संपर्क में आने के दौरान अपना सिर छाता, टोपी, तौलिया या अन्य किसी चीज से ढककर रखने को लेकर जागरुक करें। निदेशालय ने कहा कि गर्मी से संबंधित बीमारी के किसी भी मामले की सूचना नजदीकी अस्पताल को दें। निदेशालय ने सभी जिला व जोनल उप शिक्षा निदेशकों को इसका पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

# सिर्फ सात मिनट में कनॉट प्लेस से गुरुग्राम पहुंच सकेंगे

## इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरूआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरूआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। सात मिनट की उड़ान की लागत लगभग 2,000 से 3,000 रुपये हो सकती है। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग' (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे।

**विमानों के लिए प्रमाणन प्रक्रिया अंतिम चरण में:** इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी। आर्चर एविएशन के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एडम गोल्डस्टीन ने कहा कि अमेरिकी नियामक फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के साथ चर्चा चल रही है और उसके विमानों के लिए प्रमाणन प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**2026 में भारत उड़ान शुरू करने की उम्मीद :** प्रमाणीकरण अगले वर्ष होने की उम्मीद है और एक बार यह लागू हो जाने पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्रमाणन के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बातचीत में गोल्डस्टीन ने कहा कि कंपनी को 2026 में भारत में उड़ान शुरू करने की उम्मीद है और परिचालन के लिए उसने 200 'मिडनाइट' विमान रखने का लक्ष्य है।

**इस विमान में छह बैटरी पैक होंगे:** उन्होंने कहा कि कार में 27 किमी की दूरी तय करने में लगभग 90 मिनट लगेंगे और लागत लगभग 1,500 रुपये होगी। कंपनी के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस विमान में छह बैटरी पैक होंगे जो 30-40 मिनट में पूरी तरह चार्ज हो जाएगा।



**सुविधा**

**इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे**

# संघ परिवार के निशाने पर आए आप नेता सांसद संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह संघ परिवार के निशाने पर आ गए हैं। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में जमानत पर बाहर आए संजय सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया है कि संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने आरक्षण को खत्म करने की बात कही है, संघ आरक्षण विरोधी है।

**बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे संजय सिंह- विहिप**

अपने पक्ष को मजबूत दिखाने के लिए उन्होंने मनमोहन वैद्य का एक पुराना वीडियो भी चलाया। जिस पर हमलावर विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि संजय सिंह बयानों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं , इस मामले में उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। विनोद बंसल ने ट्वीट कर कहा, "लगता है बेल पर छूटे झूठे नेता संजय सिंह फिर जेल जाने की जल्दी में हैं! इस बार उन्होंने अपनी गंदी जुबान से जिस पर कीचड़ उछला है वह विश्व का सबसे बड़े संगठन है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रियायत दिए जाने के बाद दिल्ली शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को जमानत दे दी। इसके बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने 3 अप्रैल को जमानत बॉन्ड स्वीकार कर लिया और संजय सिंह पर कुछ शर्तें लगाईं, जिसमें ईमेल के माध्यम से अपनी यात्रा से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत करना है।



# प्लाईवुड संचालकों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

## 'सरकार एक प्रतिशत मार्केट फीस को हटा दे तो प्लाईवुड उद्योग में जो बढ़ती लागत के कारण नुकसान हो रहा है उससे व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी'

**समस्या**

**प्लाईवुड संचालकों का कोई भी दोष नहीं होता। क्योंकि वह टेक्निकल ग्रेड यूरिया बंद कट्टे में लेते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** भाजपा सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शनिवार को संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी से प्लाई बोर्ड एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया व प्लाई वूड इंडस्ट्री से सम्बन्धित परेशानियों से अवगत करवाया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि प्लाईवुड प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को बताया कि प्लाईवुड इंडस्ट्रीज में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग होता है। कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर टेक्निकल ग्रेड यूरिया के सैंपल लिए जाते हैं, जो कि कई बार फेल हो जाते हैं। इसमें प्लाईवुड संचालकों का कोई भी दोष नहीं होता। क्योंकि वह टेक्निकल ग्रेड यूरिया बंद कट्टे में लेते हैं। अगर इसमें कोई कार्रवाई होती है तो वह यूरिया के उत्पादक या सप्लायर पर होनी चाहिए ना की प्लाईवुड संचालकों पर। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पॉपुलर लकड़ी व सफेदा लकड़ी पर एक प्रतिशत मार्केट फीस है, अगर हरियाणा सरकार यह एक प्रतिशत मार्केट फीस को हटा दे तो प्लाईवुड उद्योग में जो बढ़ती लागत के कारण नुकसान हो रहा है उससे व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी। विधायक ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए समय-समय पर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों से मिलते रहते हैं और और उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आते हैं।

# 'लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर रहा सरकार का फोकस'

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मोदी सरकार के दस वर्षो में देश में नित-नया विकास हुआ है, जहां फरीदाबाद सहित देश में सडकों का जाल बिछाया गया वहीं लोगों को बिजली, पानी, सीवरेज व सडक जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य हुए है। वे ओल्ड फरीदाबाद की भारत कालोनी में राजेंद्र खारी चेयरमैन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र खारी चेयरमैन के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने बड़ी माला पहनाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया वहीं समारोह में उपस्थित जनसमूह ने दोनों हाथ उठाकर गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने का भरोसा दिलाया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए गुर्जर ने कहा कि दिल्ली फरीदाबाद वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएड़ा 8 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे बिजली देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं। गरीब के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलिंडर, आयुष्मान योजना से 5 लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को अनाज जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास, मोदी जी हर क्षेत्र में देश के गरीब नागरिकों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर, पूर्व पार्षद सुमेश चंदीला, जिला पार्षद अनिल पाराशर एडवोकेट, अरुण खारी, मास्टर ज्ञान, विरेंद्र एडवोकेट, विकास ठाकुर, ओमप्रकाश चौहान, पप्पी मास्टर, लेखराज वर्मा, विरेंद्र चौधरी, रिषी नागर, प्रदीप मास्टर, विनोद अंबावता, लखमी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चुनाव में साथ देगी क्षेत्र की जनता: रणजीत सिंह

**भरोसा**

**इस क्षेत्र से उनका पुराना नाता रहा है और विश्वास है कि इस चुनाव में भी उन्हें इस क्षेत्र से पूरा साथ मिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि आदमपुर क्षेत्र उनका घर परिवार है। इस क्षेत्र से उनका पुराना नाता रहा है और विश्वास है कि इस चुनाव में भी उन्हें इस क्षेत्र से पूरा साथ मिलेगा। वे शनिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत आदमपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने हलके के कई गांवों का दौरा किया। दोपहर तक मंडी आदमपुर, किशनगढ़ व चुली बागड़ियान का दौरा करके क्षेत्रवासियों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल परिवार का आदमपुर क्षेत्र से पुराना नाता रहा है। समय-समय पर वे इस हलके में आते रहते हैं और इस क्षेत्र के अनेक लोग उनके पारिवारिक मित्र हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के नाम पर देशभर में लहर चल रही है। हमें इस लहर का साथ देकर इसे और तेजी देनी है और तीसरी बार सरकार बनाने में अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद वे क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से आदमपुर में विधानसभा कार्यालय में जिला पार्षद वीरसिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता मुनीश ऐलावादी, मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल भादू, सूरजभान महला, शशिकांत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप डेलू, ब्लॉक मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फरीदाबाद: कार से टकरा सड़क पर पलटा कैंटर, एक जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** नेशनल हाईवे नंबर 19 पर बाटा मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार को चने के छिलके से भरा एक कैंटर एक कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर लगने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार चला रहा शख्स काफी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार कैंटर की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर उस पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वह हाईवे पर लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ता हुआ पलट गया। इसके चलते चने के छिलके से भरे कट्टे सड़क पर फैल गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर पलटे कैंटर को सीधा किया। पुलिस सब इंस्पेक्टर जीवन ने बताया कि उन्हें जैसे ही घटना की सूचना मिली वह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल कार चालक को बादशाह खान से अस्पताल में इलाज के लिए भिजवा दिया। कैंटर चालक मौके से भाग गया। सब इंस्पेक्टर जीवन ने बताया कि कार और कैंटर दोनों ही दिल्ली की ओर से आ रहे थे। जैसा कि चश्मदीदों ने बताया कार चालक ने अचानक से ब्रेक मार दी थी। इसके चलते कैंटर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया और कार से टकरा गया।

### पुलिस ने आईटीबीपी जवानों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद: लोकसभा चुनाव संबंधी दिए गए दिशा-निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में शनिवार को एनआईटी जोन में स्थानीय पुलिस बल एवं आईटीबीपी इंस्पेक्टर श्रीकांत की टीम के साथ फ्लैग मार्च निकाला। आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। यह फ्लैग मार्च में डीसीपी एनआईटी कार्यालय से चलकर बीके गोल चक्कर, हार्डवेयर चौक, प्याली, डबुआ, 60 फीट रोड, चाचा चौक, बाबा मंडी, सरूरपुर चौक, संजय कॉलोनी, मछली मार्केट, गौछी, सेक्टर 56, राजीव कॉलोनी, सेक्टर 55, सोहना रोड, मुजेसर फाटक, बाटा फ्लाईओवर, थाना कोतवाली के सामने से होते हुए नीलम चौक, सलूजा पेट्रोल पंप, पांच नंबर मार्केट से डीसीपी एनआईटी कार्यालय पर समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन को भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। दरअसल, फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों व गांव से होकर गुजरा, जिसमें पुलिस के जवान, अर्धसैनिक बल के अधिकारी शामिल थे। फरीदाबाद पुलिस लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग है और सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से पूरा करवाया जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने आमजन को मतदान में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और चुनाव के दौरान किसी के दबाव में न आकर मतदान करने के लिए कहा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।

### जजपा नेता कुलदीप तेवतिया सहित दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** शनिवार को जजपा नेता कुलदीप तेवतिया अपने समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हो गए। सेक्टर-8 स्थित हुडा मार्केट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय सांस्कृतिक विरासत को फिर से विश्व स्तर पर स्थापित करने और भारत की अर्थव्यवस्था को चोटी पर पंहुचाने के कार्य में जुटे हैं। देश के विकास के साथ मोदी जी को गरीब की चिंता है, इसलिए मोदी जी लगातार महिला, युवा, किसान और गरीब इन सभी वर्गों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं । देश की जनता को पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे । कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जजपा नेता पूर्व पार्षद कुलदीप तेवतिया को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया।

# मिड-डे मील में रोजाना मिलेगा बदला हुआ खाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन परोसा जाएगा। मौलिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र में मिड-डे-मील का मैन्यू तैयार करके प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया है। विद्यार्थियों को मिड-डे-मील में हर रोज दाल, चावल व रोटी सब्जी नहीं, बल्कि हर दिन अलग-अलग तरह के व्यंजन का स्वाद बच्चे चखेंगे। मिड-डे-मील में विद्यार्थी रागी के आटे के गुलगुलों का स्वाद चखेंगे तो हलवा और चना के साथ मूंगफली युक्त मीठे चावल परोसे जाएंगे। मिडे-डे-मिल ब्रांच की ओर से सप्ताह अनुसार परोसे जाने वाले व्यंजनों का खाका तैयार किया है। विभाग द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार महीने के पहले सप्ताह में सोमवार को वेजिटेबल पुलाव के साथ काला चना, मंगलवार को घीया दाल चना सब्जी के साथ रोटी, बुधवार को राजमा-चावल, गुरुवार को कढ़ी पकौड़े के साथ चावल, शुक्रवार को हलवा के साथ काले चने, शनिवार को दही के साथ पौष्टिक मिलेट परांठा, दूसरे सप्ताह में पौष्टिक खिचड़ी, मीठा दलिया, सोया पूरी एंड वेजिटेबल, सफेद चना और आलू, बेसन पूड़ा, तीसरे सप्ताह की शुरूआत दाल-चावल के साथ होगी, वहीं मूंग-मसूर दाल के साथ रोटी परोसी जाएगी।

# 'सरकारी अनदेखी ने फेरा किसानों की मेहनत पर पानी'



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बारिश के चलते मंडियों में अव्यवस्था को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की अनदेखी ने एकबार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने मंडियों में न सुचारू खरीद की और न ही बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल व बारदाने की व्यवस्था की। शनिवार को जारी एक बयान में हुड्डा ने कहा कि किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और सरकार पोर्टल का झुंझुना बजा रही है। मंडियों में नियमित खरीद व उठान की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उठान नहीं होने के चलते किसानों को भुगतान भी नहीं हो रहा है। 72 घंटे के भीतर भुगतान का दावा करने वाली सरकार की हकीकत एकबार फिर उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि मंडी में काम करने वाले कारोबारियों ने बताया कि गेहूं उठान का टेंडर सिस्टम लगभग फेल हो चुका है। जिन ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर दिया गया है, उनके पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही नहीं है। इसलिए आढ़तियों को फसल उठवाने के लिए मजबूरी में ट्रांसपोर्टर्स को रिश्वत देनी पड़ रही है। किसान और आढ़ती ही नहीं, सरकार ने मजदूरी की दरों में भारी कटौती करके, मजदूरों पर भी बड़ी मार मारी है। हुड्डा ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही। उठान नहीं होने के चलते मंडियां अनाज से अटी पड़ी हैं। मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं सड़कों पर डालना पड़ रहा है। इसलिए 6 महीने की दिनरात मेहनत से तैयार की गई किसान की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है और बार-बार भीग रही है। भारी मात्रा में गेहूं पानी के साथ बह गया है। किसान को हुए नुकसान के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भुगतान में देरी के चलते किसानों को ब्याज देने की मांग उठाई है। उन्होंने दोहराया कि सरकार पोर्टल का झंझट खत्म करके जल्द उठान और भुगतान करें।

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर लोन के 48 लाख गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फर्जीवाड़ा**

**एक फर्म रजिस्टर कराई और उस फर्म के नाम पर विकासपुरी शाखा में एक बैंक खाता खुलवाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** आर्थिक अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने बैंक से लोन लेकर 48 लाख रुपए का गबन करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम योगेश है, जो कि नई दिल्ली के नांगलोई का रहने वाला है। आरोपी योगेश इस मामले के मुख्य आरोपी संजीव के पास नौकरी करता है। आरोपी संजीव ने योगेश के नाम पर एक फर्म रजिस्टर कराई और उस फर्म के नाम पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र दिल्ली की विकासपुरी शाखा में एक बैंक खाता खुलवाया। इसके बाद आरोपी संजीव ने अपने पास काम करने वाले दूसरे व्यक्ति सोनू को राजेश सभरवाल बनाकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की इसी विकासपुरी शाखा में एक और बैंक खाता खुलवाया। इसके बाद आरोपियों ने दिल्ली के पंजाबी बाग में एक फर्जी सेल डीड रजिस्टर करवाई और उस सेल डीड के आधार पर दिसंबर 2021 में फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक से 48 लाख रुपए का लोन लेकर उसे पहले योगेश के खाते में डलवाया और उसके बाद राजेश सभरवाल के खाते में ट्रांसफर करवाकर सारे पैसे निकलवा लिए।
आरोपियों ने बैंक में एक दो किस्त भरी और उसके बाद में किस्त भरना बंद कर दिया।

# महिला ने वॉटर टैंक में कूदकर आत्महत्या का किया प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
रोहतक: शनिवार को घरेलू कलह से परेशान एक महिला ने सोनीपत रोड स्थित जलघर के टैंक में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने समय रहते महिला को डूबने से बचा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। महिला ने ससुराल व मायके पक्ष पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप भी लगाए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# हरियाणा की मंडियों में रविवार को नहीं होगी गेहूं की खरीद



**फैसला**

**ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवजा देगी सरकार, मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिए सर्वे के निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए है कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जल्द से जल्द सर्वे किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खराब फसलों की भरपाई मिल सके। शुक्रवार को हरियाणा के कई जिलों में बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी जहां मौसमी सब्जियां नष्ट हो गई हैं वहीं खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल भी बर्बाद हुई है। मुख्य सचिव ने शनिवार को चंडीगढ़ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से रबी-फसल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने प्रशासनिक सचिवों, सभी जिलों के उपायुक्तों तथा रबी-फसल की खरीद से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों में गेहूं व सरसों की आवक तेजी से बढ़ रही है। किसानों व आढ़तियों से तालमेल करके रविवार को मंडियों में फसल की खरीद बंद रखें और ट्रकों व अन्य वाहनों के माध्यम से 24 घंटे में 50 प्रतिशत गेहूं व सरसों की फसलों का मंडियों से उठान करवाकर गोदामों में रखवाएं। मंडियों में फसलों के उठान में कोताही न बरती जाए। वे स्वयं इसका फीडबैक लेंगे। सोमवार से दोबारा मंडियों से खरीद का काम सुचारू रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर गेहूं उठान के लिए आढ़ती अपने वाहन का इस्तेमाल करते हैं तो उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तय रेट दे दिए जाएं।

# कांग्रेस सब कमेटी ने रिपोर्ट अध्यक्ष खड़गे को सौंपी



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों के चयन को लेकर गठित की गई सब कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। शनिवार को सौंपी गई इस रिपोर्ट में संभावित उम्मीदवारों का उल्लेख किया गया है। यह रिपोर्ट सौंपने के कुछ देर बाद ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली में अपने समर्थकों के साथ बैठक की। इस बैठक में कई संभावित उम्मीदवारों भी मौजूद रहे। शनिवार को सब कमेटी में शामिल वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद तथा मधुसूदन मिस्त्री ने मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मुलाकात करके हरियाणा की नौ लोकसभा सीटों के संबंध में अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंप दी। कांग्रेस में लोकसभा उम्मीदवारों के चयन व टिकट आवंटन के मुद्दे को सभी गुटों ने अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बनाया हुआ है। कई बार उम्मीदवारों की सूची पर मंथन बैठकें हो चुकी हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा सैलजा, रणदीप व किरण चौधरी के गुटों द्वारा उम्मीदवारों पर जब सहमति नहीं जताई गई तो हाईकमान ने सब कमेटी का गठन कर दिया। यह विवाद इतना बढ़ा कि सब कमेटी की बैठकों के बीच हरियाणा कांग्रेस के कई नेता सोनिया गांधी से भी मिले।
नेताओं की गुटबाजी के चलते जहां कांग्रेस की सूची अटकी हुई है वहीं भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार का एक-एक चरण पूरा भी कर चुके हैं। सोनिया व राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद सब कमेटी द्वारा अपनी सूची हाईकमान को सौंप दी गई है।
सूची सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि रिपोर्ट के बाद अब फैसला हाईकमान को लेना है।

# दुकान में शराब पीने से मना करने पर की युवक की हत्या

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में दुकान में शराब पीने से मना करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके भाई पर भी हमला किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात एनआईटी स्थित डबुआ इलाके की है। पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार हैं।
मृतक की पहचान जवाहर कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश यादव (35) के रूप में हुई है। वह 2 बेटी और एक बेटे का पिता था। वह डबुआ इलाके में कन्फेक्शनरी की दुकान चलाता था।सत्यप्रकाश के पड़ोसी गोपाल शर्मा ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे 3-4 युवक सत्यप्रकाश की दुकान पर आए। उन्होंने दुकान पर चखना मांगा। इसके बाद युवकों ने सत्यप्रकाश को दुकान पर बैठकर शराब पीने की बात कही। सत्यप्रकाश ने युवकों को मना कर दिया। युवक शराब पीने की जिद करने लगे। इसके बाद उनमें कहासुनी हो गई। युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने सत्यप्रकाश और उसके भाई नीरज से मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने जिम करने वाली रॉड और धारदार हथियार से मारपीट की। घटना में सत्यप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग सत्यप्रकाश और नीरज को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं नीरज के हाथ में फ्रैक्चर आया है। सत्यप्रकाश के पिता विजेंद्र यादव ने कहा कि वह शुक्रवार को अपने गांव अलीगढ़ गए हुए थे। उन्हें घर से फोन आया कि सत्यप्रकाश और नीरज का कुछ असामाजिक तत्वों के साथ झगड़ा हो गया है। इसमें सत्य- प्रकाश की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंच गए।

# डॉक्टर की कनपटी पर पिस्तौल रखकर 3 लाख 71 हजार रुपए लूटे



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** सिरसा में शुक्रवार रात को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने एक डॉक्टर की कनपटी पर पिस्तौल रखकर 3 लाख 71 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। डॉक्टर वारदात के समय अपने क्लीनिक से लौट रहा था। पुलिस ने डॉक्टर के बयान पर ऐलनाबाद थाना में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शनिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास करती रही। जानकारी के अनुसार गांव प्रताप नगर निवासी जितेंद्र कुमार आरएमपी डॉक्टर है। डॉ. जितेंद्र कुमार का कहना है कि उसका गांव हारनी में क्लीनिक है। वह रोजाना ऐलनाबाद से सुबह हारनी जाता है और रात को वापस लौटता है। शुक्रवार रात को करीब 9 बजे जब वह अपनी बाइक पर हारनी से ऐलनाबाद की ओर आ रहा था तो छोटूराम कॉलेज ऐलनाबाद के पास बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने उसकी बाइक के साथ अपनी बाइक लगा दी। युवकों ने डॉक्टर को बाइक रोकने के लिए कहा। जितेंद्र का कहना है कि जैसे ही उसने अपना बाइक रोका तो दोनों युवकों ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी और बोले कि जोभी कुछ है, तुम्हारे पास निकाल दे। डॉ. जितेंद्र का कहना है कि उसके पास 3 लाख 71 हजार 800 रुपए थे। ये राशि उसने छोटे बैग में रखी हुई थी। दोनों युवक उसका बैग छीन कर फरार हो गए। युवकों ने डॉ.जितेंद्र से कहा था कि अगर हमारा पीछा किया तो गोली मार देंगे। डॉ.जितेंद्र ने बताया कि वारदात से वह घबरा गया और युवकों का पीछा करने की हिम्मत नहीं हुई। इसके बाद डॉक्टर जितेंद्र अपने घर पहुंचा और घरवालों को सारी आप बीती बताई। इसके उपरांत उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रवि गर्ग का कहना हैकि डॉक्टर जितेंद्र के बयान पर अज्ञात युवकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 392/34 व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़, कपड़े बदलते समय खींची न्यूड फोटो

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: शहर थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने, कपड़े बदलते समय उसकी न्यूड फोटो खींचने और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। घटनास्थल चंडीगढ़ का होने के चलते महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर चंडीगढ़ पुलिस को भेज दी है। शनिवार को जींद के एक लड़के और लड़की के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जींद शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी चंडीगढ़ में कोर्स करने के लिए गई हुई थी। उसके साथ जींद की ही एक लड़की भी कमरे में ही रहती थी। पटियाला चौक क्षेत्र के रहने वाले रवि ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने बताया कि उसके पास उसकी न्यूड फोटो है।

## न्यूज फ्लैश

### रविंदर तुषामढ ने घोषित किए मंडल अध्यक्षों के नाम



**पानीपत: भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रविंदर तुषामढ ने मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता तथा जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट से विचार विमर्श कर मोर्चे के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की।उत्तरी शहरी से सुरेश कांगड़ा, दक्षिण शहरी से अनिल,माडल टाउन से सुरजीत, किशन पूरा से सुनील, तहसील मंडल नीरज, बबैल मंडल से दीपक कुमार, बिचपड़ी मंडल से सतपाल, ब्लॉक समिति सदस्य रवि सिवाह मंडल से, साहब सिंह रंग समालखा शहरी, पूर्व सरपंच बलराज समालखा ग्रामीण , सनौली मंडल से सुरेश,बापौली से नरेश, कमल चुलकाना धाम मंडल, मुकेश मतलोड़ा मंडल ,सुरेंद्र बिड्ढू इसराना मंडल तथा सुखविंद्रु को थर्मल मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद मोर्चे के जिला अध्यक्ष रविंदर तुषामढ ने कहा की इन मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठन मजबूत होगा साथ चुनाव प्रचार में मोर्चा और अधिक प्रभावी ढंग से अपना योगदान दे सकेगा । रविंदर तुषा मढ ने कहा की प्रधान मोदी के 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी प्रभावी भूमिका अदा करें गा।उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी भाजपा के करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी भी है उनको इस बार भारत भर में सबसे बड़ी जीत दिलाने में मोर्चा पूरी ताकत से जुटेगा।

### करनाल में अब तक हुई 5.19 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। अब तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन की खरीद की गई। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।
उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दो लाख 9 हजार 35 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 70 हजार 843 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 40 हजार 99 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 4 हजार 196 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। पिछले वर्ष जिला में 7 लाख 52 हजार 52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अब तक 81 हजार 882, हैफे ड द्वारा एक लाख 1 हजार 741 और हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 11 हजार 271 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं, ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

# भाजपा को वोट देकर मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करें: नवीन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: भारतीय जनता** पार्टी कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी नवीन जिंदल आजकल लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों से अपने लिए वोटो की अपील कर रहे हैं। नवीन जिंदल के साथ हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के लिए ऐड़ी चोटी का का जोर लगा रहे हैं। नवीन जिंदल की जनसभाओं में जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद नवीन जिंदल को मिल रहा है। आज गांधीनगर में भारी भीड़ ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का भव्य स्वागत किया। नवीन जिंदल जनसभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि मैं बहुत सौभाग्य शादी हूं जिसको युगपुरुष यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने मुझे भाजपा में शामिल करके कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया ।उन्होंने कहा कि भगवान का दिया मेरे पास सब कुछ है। मैं केवल मात्र आपके आशीर्वाद से कुरुक्षेत्र की जनता की सेवा करना चाहता हूं । पहले भी मैंने 10 साल सांसद रहते हुए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में बहुत कम किया है ,अब फिर आपने मुझे आशीर्वाद दिया तो आगे कोई भी कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। जिंदल ने कहा कि मोदी और मनोहर की गारंटी पर जनता को पूर्ण विश्वास है कि यदि जनता का कोई भला कर सकता है तो वह नरेंद्र मोदी कर सकता है ।जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है। जनता सन 2047 तक भारत को विकसित देश के रूप में देखना चाहती है और वह तभी संभव होगा की केंद्र में भाजपा की सरकार होगी और नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री होंगे। जिंदल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता को सुखमय जीवन जीने हेतु गारंटी का एक बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जनसभा को हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाषसुधा ने संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने हजारों करोड़ रूपया दिया जिसके कारण कुरुक्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है । सुधा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को कमल का बटन दबाकर भाई नवीन जिंदल को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजें ताकि केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन सके। इस अवसर पर देवेंद्र शर्मा, रविंद्र सांगवान, आचार्य राम मेहर बारवा, सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी कैंथला खुर्द व अन्य भाजपा कार्यकर्ता व भारी जनसमूह उपस्थित रहा।

## मंडियों में अब तक 1 लाख 53 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा सरकार के** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद (आईएएस)ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश के उपायुक्तों के साथ गेहूं व सरसों की आवक ,खरीद व लिफ्टिंग की जानकारी ली और कुछ जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपायुक्त को लिफ्टिंग के कार्य में और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले अनुसार भंडारण के संदर्भ में भी जानकारी ली व सभी से मंडियों के संदर्भ में सुझाव भी मांगे। मुख्य सचिव ने रविवार को सभी अनाज मंडियों को बंद करने के निर्देश दिए ताकि लेफ्टिंग की प्रोब्लम ना आए। उन्होंने लिफ्टिंग प्रतिशत व कितनी खरीद हुई हैं की जानकारी भी ली। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्य सचिवआश्वस्त किया की लिफ्टिंग के कार्य को गति दी जा रही है। रविवार को सभी मंडियों को बंद करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिले मे 12 मंडियों हैं।अगले दो दिनों में लिफ्टिंग का कार्य 60 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगा। अब तक मंडियों में 40 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य हुआ है। लिफ्टिंग के कार्य मे तेजी लाई जा रही है। इसको लेकर आर्तियां के साथ बैठक करके लिफ्टिंग की गति को और तेज करने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

## एसडीएम ने साइलो गेहूं के भंडारण प्लांट का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल ने नौल्था स्थित साइलो गेहूं के भंडारण प्लांट का निरीक्षण किया उनके साथ निगम के संयुक्त आयुक्त नरेंद्र पाल मालिक भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गेहूं गेहूं के भंडारण के लिए किसी भी तरह की कोई भी लापरवाही न की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ पूरे प्लांट का निरीक्षण किया और कहा कि जो भी हिदायत सरकार की ओर से निर्धारित की गई है उनका सभी कार्यरत कर्मचारी पालन करें और आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उनके साथ मार्केट कमेटी के सचिव भी उपस्थित रहे।

## फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

**समालखा: चौधरी रणबीर** सिंह यूनिवर्सिटी जींद हरियाणा ने डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन फर्स्ट सेमेस्टर और थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया है एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन मछरौली पानीपत के स्टूडेंट्स का परिणाम शानदार रहा मैनेजर राकेश धीमान ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापक गणों को बधाइयां दी। बताया कि परिणाम को लेकर एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन की मैनेजमेंट एवं स्टाफ ने लड्डू बाटकर खुशियां जाहिर की । जिसमें मीनाक्षी गुप्ता चेयरपर्सन एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन पानीपत ने बच्चों को बधाइयां दी है भविष्य में अच्छे रिजल्ट लाएगे इसके भी आश्वासन दिया है और बच्चों की सभी आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने का भी आश्वासन दिया है।

## छात्र संगठन इनसो ने आईबी कॉलेज प्रिंसिपल को दिया ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** आईबी पीजी कॉलेज पानीपत के छात्रों ने छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो ) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में रोडवेज बसों को लेकर हो रही समस्याओं को लेकर कॉलेज प्राचार्य अजय गर्ग को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इनसो छात्र नेताओं ने बताया की पानीपत के प्रत्येक कॉलेजों और शिक्षण संस्थानो के हजारो छात्र छात्राओं को जब से पानीपत पुराने बस स्टैण्ड को बंद किया गया है तब से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है छात्र छात्राओं को अपने कॉलेजों मै आने जाने में परेशानी हो रही है जिसको लेकर छात्र संगठन इनसो लगातार प्रयास रत है की लोकल बसों का संचालन दोबारा से पुराने बस स्टेण्ड से हो लेकिन जिला प्रशासन इसे अनदेखा कर रहा है जिससे छात्रों की कोई सुनने वाला नहीं है इनसो नेता देशवाल ने बताया की इनसो इसे लेकर अब प्रत्येक कॉलेज मे जाकर कॉलेज प्रबंधको से मिल छात्रों की इस समस्या को उठा रहा है इनसो का एक प्रतिनिधिमण्डल आईबी पीजी कॉलेज पहुंच वहां के प्राचार्य अजर्य गर्ग को छात्रों से मिलवाया तो छात्रों ने यह समस्या बता जल्द इसका समाधान करने की कोशीश की।

## शोध नैतिक मूल्य आधारित और पक्षपात रहित होना चाहिए: डॉ. रवि नारायणन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता रिसर्च विभाग द्वारा शनिवार को चिकित्सा अनुसंधान में आईईसी (संस्थागत आचार समिति) की भूमिका और जिम्मेदारी पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. रबिनारायण आचार्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। रिसर्च विभाग के अधिष्ठाता डॉ. आशीष मेहता ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. रबिनारायण ने अपने संबोधन में कहा कि आईईसी की प्रमुख जिम्मेदारी अनुसंधान प्रतिभागियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करना है। आईईसी अनुसंधान प्रस्तावों की समीक्षा करने के लिए नियमित बैठक आयोजित करता है इसके साथ ही जांचकताओं को सुझाव देता है कि वे उन्हें अनुमोदित करने से पहले इस बात की जांच जरूर करें की प्रस्तावित शोध विषय नैतिक मूल्यों पर आधारित है या नहीं। उन्होंने कहा कि शोध में नैतिकता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए शोध कार्य नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर करना चाहिए ताकि शोध पक्षपात रहित और शोध परिणाम सुसंगत प्राप्त हो सके। हालांकि नैतिक मूल्यों का पालन व्यापारी, कानूनविद, और सामान्य नागरिक भी करता है मगर एक चिकित्सक नैतिक मूल्यों का पालन करता है तो वह रोगियों का इलाज अच्छे प्रकार से कर पाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि मेडिकल फील्ड में नैतिक रूप से अनुसंधान होना चाहिए, अनैतिक नहीं, क्योंकि अनुसंधान का समाज पर बहुत प्रभाव पड़ता है। चरक संहिता में महर्षि चरक ने लिखा है चिकित्सक रोगी के रोग की पूर्ण रूप से चिकित्सा करें, किन्तु रोगी को किसी प्रकार की हानि नहीं होनी चाहिए। उसे ही श्रेष्ठ चिकित्सक कहा जाता हैं। मगर अन्य चिकित्सा पद्धति में यह बात अब समझ में आनी शुरू हुई है। कार्यक्रम के अंत में डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. जेके पंडा ने सभी गणमान्यों का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर संस्थागत नैतिकता समिति के चेयरमैन और दिल्ली एनसीआईएसएम के सदस्य प्रो. डॉ. बीएल मेहरा, रजनीकांत शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. भूपेंद्र कोर आनंद, राज कुमार मक्कड, श्रीमती शकुंतला शर्मा, उपेंद्र सिंगल, अशोक रोशा, प्रो. बलबीर संधू, प्रो. जितेश कमार पंडा उपस्थित रहे।

## केयूके की मेरिट सूची में छाई आर्य कॉलेज छात्राएं



**पानीपत:** शनिवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र ने,बी.एससी नॉन मेडिकल व मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इन परीक्षा परिणामों में आर्य कॉलेज के छः विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को बी.एससी नॉन मेडिकल व मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। बी.एससी नॉन मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज की छात्रा वंशिका ने 332 अंक लेकर टॉप टेन की सूची में दूसरा स्थान, जूही ने 318 अंक लेकर आठवां स्थान, प्रीति रावल ने 316 अंक लेकर नौवां स्थान व तमन्ना ने 312 अंक लेकर 11वां स्थान हासिल किया। वहीं मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज की नीतु ने 269 अंक लेकर 12 वां स्थान व छात्रा खुशबू ने 268 अंक लेकर सूची 13वां स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल-कूद के क्षेत्र में भी कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर मिठाई खिलाकर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कुवि में कचरे से सर्वोत्तम व पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के भूगोल विभाग द्वारा, विश्वविद्यालय परिसर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में कचरे से सर्वोत्तम व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।कचरे से सर्वोतम प्रतियोगिता में वीनू प्रथम, साक्षी द्वितीय, शिवानी तृतीय स्थान पर रहें व पोस्टर प्रतियोगिता में सरगम प्रथम, तमन्ना द्वितीय ज्योति तृतीय स्थान पर रहे व पारसदीप और अखिल को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज की प्राचार्या प्रोफेसर रीटा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व डॉ. अश्वनी कुश व प्रोफेसर प्रदीप मलिक ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## पुलिस ने समालखा में निकाला पैदल मार्च पास्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**



लोकसभा चुनाव को लेकर लगाई गई आचार संहिता के तहत शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कादियान व 88 बटालियन सीआरपीएफ ऑफिसर कमांडिंग इंस्पेक्टर अंजू त्यागी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों व सीआरपीएफ जवानों ने शहर के मुख्य चौराहो, गांव पावटी, हथवाला, डिकाडला, राकसेड़ा,बसेड़ा, महावटी, गढ़ी त्यागान, पत्तिकल्याणा आदि गांवो में मार्च पास्ट निकाला। इस दौरान पुलिस कर्मियों व सीआरपीएफ के जवानों ने शहर में पैदल गुजरते हुए आम जन को संदेश दिया है। कानून व्यवस्था दुरुस्त है और लोग बगैर किसी दबाव में आए लोकसभा चुनाव में मतदान करें। इस दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।डी एस पी नरेंद्र कादियान ने कहा कि चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सबसे मिल-जुलकर लोकसभा चुनाव में भागीदारी करने की अपील की। पुलिस अराजकता फैलाने वालों के ऊपर निगाह रखे हुए हैं।सीआरपीएफ ऑफिसर कमांडिंग इंस्पेक्टर अंजू त्यागी ने शहर के साथ क्षेत्र के चौराहों पर पैदल गश्त करते हुए लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द कायम रखने की अपील की। कोई समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा।

## प्रकाश पर्व को समर्पित महान कीतर्न समागम 29 को: कवलजीत सिंह

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : धर्मनगर** के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं में महान कीर्तन समागम 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। समागम से पहले 28 अप्रैल को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेवक जत्था के सहयोग से यह समागम करवाया जा रहा है, जिसमें श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह व भाई भूपिंदर सिंह संगत को कीर्तन से निहाल करेंगे। इसके अलावा भाई सुरजीत सिंह वारस जलांधर वालो का ढाडी जत्था संगत को ढाडी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेगा। यहीं नहीं, मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह का जत्था भी अपनी रूहानी आवाज में शबद कीर्तन करेंगे। इसके अतिरिकत गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह जी संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के जीवन प्रसंग सुनाएंगे। अजराना के अनुसार 28 अप्रैल को पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की सुंदर पालकी के साथ महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। यह नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से आरंभ होकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से होते हुए श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं कुरुक्षेत्र में ही संपन्न होगा। समापन अवसर पर संगत द्वारा आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 14 अप्रैल से गुरु साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं से प्रतिदिन तडके प्रभातफेरियां भी सजाई जा रही है, जिसमें भारी गिनती में संगत शामिल होकर नाम सिमरन करती है। प्रभातफेरी सजाने की श्रृंखला 28 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि नगर कीर्तन एवं समागम में अधिक से अधिक गिनती में शामिल होकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के उप सचिव सतपाल सिंह, अमरिंदर सिंह, सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के मैनेजर जज सिंह, लेखाकार हरमीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## कुवि के शिक्षक अनुसंधान संस्थान में 4 वर्षीय इंटिग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के शिक्षक, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में चार वर्षीय इंटिग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम करने के इच्छुक बाहरवीं पास विद्यार्थी इसमें दाखिला ले सकते हैं। कुवि के आईआईटीआर में बीए बीएड के लिए 50, बीकॉम बीएड के लिए 50 व बीएससी बीएड के 50 सीटें उपलब्ध हैं। इसके लिए विद्यार्थी 30 अप्रैल तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट ६६६.३ॅ.ल्ल वँ३३स्र२://ल्लू३.२े१३ॅ.ल्ल/ ल्ली७.स्रँस्र/२३ी/’ड्ढल्ल पर आवेदन कर सकते हैं। 12 जून को होने वाली कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट(सीबीटी) प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थी 30 अप्रैल रात 11.30 बजे ते आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 30 अप्रैल रात 11.50 बजे तक भर सकते हैं। दो से चार मई के बीच विद्यार्थी फार्म में संशोधन कर सकेंगे।

# संपादकीय

## सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, "हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।" पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, "समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।" उस समय के नियम सबको मान्य थे।

नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

# सियासत के किले हैं, तो वे ढहेंगे भी

**राजेश माहेश्वरी**

> भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये। लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ?

**देश -दुनिया में** दुर्ग यानि किले सत्ताधीशों के ही बनते आये है। लेकिन ये दुर्ग जब लोकतंत्र में सियासी दल भी बनाते हैं तो उन्हें ढहाने का उपक्रम भी लगातार चलता रहता है। सियासत के दुर्ग या तो राजनीतिक दल की विचारधारा के आधार पर बनाये जाते हैं या फिर व्यक्तित्व के आधार पर। आजादी के बाद यदि किसी राजनीतिक दल का सबसे मजबूत किला था तो वो था कांग्रेस का । लेकिन बाद में अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने-आपने इलाकों में किलों के बजाय छोटी-छोटी गढ़ियाँ बनाना शुरू कर दीं। आजकल देश में कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजबूत किला भाजपा का है और उसे ढहाने में कांग्रेस समेत देश के तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दल लगे हुए हैं।
अतीत में झांके तो पाएंगे कि पहले सियासी किले अभेद्य हुआ करते थे। उनके ऊपर किसी भी तरह के हमलों का असर नहीं होता था ,क्योंकि ये किले विचारधारा की नींव पर खड़े किये गए थे। कांग्रेस,भाकपा,समाजवादी और दक्षिण पंथियों ने समय-समय पर अपने किले बनाये। इन किलों के जरिये देश में आरसे तक राजनीति भी खूब फली-फूली ,लेकिन जब किलों के ढहने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर रुका नहीं। एक जमाने में जहाँ-जहँ कांग्रेस के किले थे वहां-वहां क्षेत्रीय दलों ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया। ये क्षेत्रीय किले कहीं-कहीं कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए और कहीं एकदम अकेले।
पश्चिम बंगाल में वामपंथ का किला 25 साल तक अभेद्य रहा। उसे कांग्रेस से अलग हुई तृणमूल कांग्रेस की संस्थापिका सुश्री ममता बनर्जी ने तोड़ा। दक्षिण के क्षेत्रीय किले तोड़ने के लिए कांग्रेस और भाजपा लगातार कोशिश करती रही ,लेकिन उन्हें ध्वस्त नहीं कर पायी। कर्नाटक में किले ढहाने और उन पर कब्जे करने का सनातन खेल जारी है। भाजपा ने 2014 में कांग्रेस के किले को ही नहीं ढहाए बल्कि कांग्रेस की गढ़ियाँ भी ध्वस्त कर दीं। लेकिन अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के किले आज भी सुरक्षित हैं। मिसाल के तौर पर ओडिशा में बीजू जनता दल का किला। इन दिनों भाजपा का किला ढहाने के लिए कसबल लगाया जा रहा है। 2024 में भाजपा का किला ध्वस्त करने के लिए जगह-जगह सेंधमारी की जा रही है। कहीं कामयाबी मिल रही है और कहीं नहीं भी। दिल्ली और झारखण्ड कि किलेदारों को जेल की हवा भी खिला दी गयी है किन्तु ये किले यानि गढ़ियाँ जीती नहीं जा सकीं।



**बाहुबल अब गौण हो गया है, हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है।**

भाजपा का किला राम नाम की ईंटों से बनाया गया है अभी ये किला 44 साल पुराना ही है। इस किले को बनाने में राम जी बार-बार काम आये लेकिन इस बार भाजपा के किले की अनेक बुर्जों पर विरोधियों ने जमकर सेंधमारी की है।
लोकतंत्र में सियासी किले ढहाने के लिए मतदान सबसे बड़ा जरिया है । वोट के बम किले की किसी भी बुर्ज को ध्वस्त कर सकते हैं और इन्हीं क्षतिग्रस्त बुर्जों से किले के भीतर जाने के रस्ते बनाये जानते हैं। सियासी किलों की मरम्मत और हमलों का काम हर पांच साल में होता है। इस साल भी किले फतह करने, किले कमजोर करने की कवायद चल रही है । पहले हमले में 102 ठिकानों पर जोर -आजमाइश हुई है। अभी इसी तरह के छह हमले और किये जाने है।
सियासी किले बचने के लिए साम-दाम-दंड भेद के सात गोधन,गजधन ,बाजधन और रतनधन के अलावा इलेक्ट्रोरल बांड से मिले धन का भी इस्तेमाल किया जाता है। बाहुबल अब गौण हो गया है ,हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है। उसकी अक्षोहणी सेना में संघ दीक्षित स्वयं सेवकों के साथ अंधभक्तों की तादाद दूर दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। अंधभक्तों की टुकड़ी सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाती है ,क्योंकि इसे अपने राजा के अलावा कोई दूसरा सूझता ही नहीं।
मैंने अपने जीवन में अनेक मजबूत से मजबूत किले ध्वस्त होते देखे है। मैंने अनेक गढ़ियाँ बनते -बिगड़ते देखीं हैं। आपने भी देखी ही होंगीं लेकिन आपने शायद इनके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। जनता जनार्दन अक्सर इन किलों में या तो कैद रहती है या फिर अपने आपको महफूज महसूस कर इनसे बाहर नहीं निकलती। इन किलों में गरीबी परिवारों को पेट की आग बुझाने के लिउए मुफ्त का राशन और भाषण दोनों मिलता है । मनोरंजन के लिए रामधुन,आत्मशांति के लिए मंदिर की सुविधाएं भी मुहैया कराई जातीं है। कांग्रेस के किलों में मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारा और गिरजाघर सब होते हैं। पहले इन्हीं सुविधाओं की वजह से कांग्रेस के किलों में ज्यादा लोग बसते थे। लेकिन बाद में कांग्रेस के किले में भगदड़ मची । हाल के दिनों में टोकांग्रेस का किला छोड़कर भाजपा के किले में लगे शरणार्थी शिविर में सबसे ज्यादा आमद दर्ज कराई है। भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये। लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ? मै राम की बात इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि भारत में एक दशक से सब कुछ राम के नाम पर ही हो रहा है। कभी-कभी भोले बाबा और योगाधीश कृष्ण का भी नाम लिया जाता है ,अभी राम का नाम सबसे ज्यादा चल रहा है।
हम तुलसी और कबीर के वंशज महासंग्राम के टीकाकार से ज्यादा कुछ नहीं है।
हम ज्यादा से ज्यादा तुमुल ध्वनि कर सकते है। हमारी बिरादरी के कुछ लोग बाकायदा जिरह-बख्तर पहनकर भाजपा के लिए लड़ भी रहे हैं।
किन्तु असल लड़ाई जनता लड़ रही ह। यदि कोई किला ढहता है या और मजबूत होता है तो इसका श्रेय किसी की गारंटी को नहीं बल्कि जनता की उदारता को दिया जाना चाहिए। अब देखिये आगे-आगे होता है क्या ?

# कविता

## मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।

फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।

फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी
दोनों दिखाई दी

संजीव

## भ्रमजाल में खुद भी फंसिए और दूसरों को भी फंसाईये

**सुशील कुमार**

**आइए,आइए** साहेबान! एक बार हमारी तरफ भी नजर फरमाऐं। सब कुछ आपके लिए ही तो सजा रखा है। भारी डिस्काउंट, गिफ्ट आइटम। सब कुछ तो है। एक बार हमारी तरफ आकर तो देखें। वादा रहा। निराश नहीं करेंगे। क्या कहा, गारंटी! जी, फुल गारंटी। कोई टेंशन नहीं। शिकायत मिले तो सौ फीसदी रिटर्न। अरे भाई! उधर मत जाओ। धोखेबाज हैं। गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। मौके के यार हैं। अभी दिख रहे हैं। काम निकलते ही अपना मजमा समेट ऐसे निकल जायेंगे, जैसे कभी यहां थे ही नहीं। इनका एक ठिकाना हो तो आपको बताएं। जितने आप और हम कपड़े नहीं बदलते,उससे ज्यादा तो ये ठिकाने बदल लेते हैं। क्या कहा? ये जुबान के सच्चे हैं। भाई साहब, आप कौन से युग में जी रहे हैं। ये त्रेता के सत्यवादी हरिश्चन्द्र थोड़े ही हैं, जो जुबान के पक्के हो। ये तो कलियुग के मिथ्यावादी हरिश्चंद्र हैं। कहेंगे कुछ और करेंगे कुछ। भूल गए पिछली बार आपसे इन्होंने क्या कहा था। बड़ी जल्दी भूल गए आप तो। ये वही है जो दही के नाम पर आपको कपास थमा गए थे। आप भी सोच रहे होंगे कि गाड़ी कौनसी पटरी पर चढ़ गई है। सब्र रखें। सब बताते हैं। आपको नहीं बताएंगे तो किसे बताएंगे। ये इलेक्शन स्पेशल ट्रेन है। हर क्षण इसका नया ड्राइवर और नया स्टेशन है। हां यात्री पुराने ज्यादा और नए कम हैं।

चुनावी बाजार की शुरूआत हो चुकी है। वोट जुटाने वाले प्रमुख ' होलसेल व्यापारी' बाजार में गाजे बाजे के साथ अपना मजमा लगा चुके हैं। सीजन को देखते हुए कारिंदों की फौज वक्त के साथ दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। बाजार की मांग अनुसार रोज कुरतों और फटकों के रंग बदले जा रहे हैं। सीजन का फायदा उठाने वाले वोट के होलसेल व्यापारियों ने जगह जगह अपने बंदे छोड़ दिए हैं। जो जैसे तैसे वोटरनुमा उपभोक्ताओं को लुभा अपनी ओर खींचने के जोड़ तोड़ के प्रयास में हैं।

बिना लाग लपेट कहने का सीधा भाव यह है कि फिलहाल राजनेताओं का सीजन चल रहा है? आए दिन किसी ना किसी को अपना फटका पहनाकर अधिक से अधिक संख्या में भावी ' माननीय' रूपी फ्रेंचाइजर बनाए जा रहे हैं। ' आगामी समय में आपको ही आशीर्वाद मिलेगा ' यह जुमला लगातार उन्हें सादर भेंट स्वरूप मिल रहा है। एक ही क्षेत्र रूपी बाजार की फ्रेंचाइजी लेने वाले बीसों छोटे व्यापारी वोट रूपी सिक्योरिटी भरने को लालायित खड़े हैं। इसी का फायदा यह कहकर उठाया जा रहा है, वोट एकत्रीकरण में जिस व्यापारी की मार्केटिंग स्ट्रेजी स्ट्रॅान्ग रही, आशीर्वाद उसे ही मिलेगा। इसलिए बिना कुछ विचारे मैदान में लगे रहो। कोई हतोत्साहित होकर मैदान छोड़ दूसरे पाले में न चला जाए, इसका भी डायरेक्टर टीम विशेष ध्यान रख रही है। बीच बीच में ग्लुकोन-डी या मिक्स फ्रूट जूस के रूप में यह कहना उनमें और जोश भर रहा है कि आप ही सबसे आगे चल रहे हो। हाईकमान के पास आपकी पॉजिटिव रिपोर्ट है।

# विचार

## संयम, अनुशासन सफलता के अचूक अस्त्र

संजीव

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'
मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## नवाचार को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी

**विजय गर्ग**

**विभिन्न** क्षेत्रों में क्वांटम विज्ञान के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय ने 14 अप्रैल को विश्व क्वांटम दिवस के रूप में मनाया विज्ञान की दुनिया क्वांटम प्रौद्योगिकी के बढ़ते क्षेत्र से प्रेरित एक परिवर्तनकारी युग के शिखर पर है। क्वांटम विज्ञान कई प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है जो क्वांटम पैमाने पर कणों और प्रणालियों के व्यवहार को रेखांकित करते हैं। शब्द "क्वांटम स्केल" भौतिकी के क्षेत्र को संदर्भित करता है जो बहुत छोटे पैमाने पर होने वाली घटनाओं से संबंधित है, विशेष रूप से परमाणुओं, उप-परमाणु कणों और मौलिक कणों के स्तर पर। इसमें क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांत शामिल हैं, जो इन छोटे आयामों पर कणों और प्रणालियों के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। क्वांटम प्रौद्योगिकी के केंद्र में क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांत निहित हैं, जो भौतिकी की एक शाखा है जो सबसे छोटे पैमाने पर कणों के व्यवहार का वर्णन करती है। क्वांटम यांत्रिकी अनिश्चितता और सुपरपोज़िशन की धारणा का परिचय देती है, जहां कण एक साथ कई राज्यों में मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा, उलझाव, एक अन्य मौलिक क्वांटम घटना, दूरी की परवाह किए बिना कणों के गुणों को जोड़ती है, जिससे उनके बीच तात्कालिक संचार सक्षम होता है। ये प्रति-सहज ज्ञान संबंधी घटनाएँ, जो एक बार सिद्धांत के दायरे से बाहर हो गई थीं, अब कई क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता वाली अभूतपूर्व तकनीकों को बनाने के लिए उपयोग की जा रही हैं। क्वांटम विज्ञान में भारत का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है। क्वांटम सांख्यिकी पर सत्येन्द्र नाथ बोस के अग्रणी कार्य ने बोस-आइंस्टीन संघनन, क्वांटम सुपरकंडक्टिविटी और क्वांटम सूचना सिद्धांत सहित कई आधुनिक क्वांटम प्रौद्योगिकियों के लिए आधार तैयार किया। पिछले कुछ दशकों में, क्वांटम विज्ञान में प्रगति बढ़ी है, जिसने अद्वितीय कम्प्यूटेशनल शक्ति, सुरक्षित संचार और विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता वाले एक नए युग की नींव रखी है। क्वांटम यांत्रिकी के सबसे आकर्षक अनुप्रयोगों में से एक क्वांटम कंप्यूटर का विकास है।

## भगवान महावीर विचारों के वैज्ञानिक

**प्रो. रवि जैन**

**जीवन** का वास्तविक सुख आंतरिक शांति में है। आंतरिक शांति भावनाओं की निर्मलता में है। हम जितना विकार मुक्त रहते हैं उतने ही दुखों से मुक्त रहते हैं और उतने ही हम धार्मिक बन सकते हैं। हमारा मन यदि निर्मल है तो ही वह सच्चा धर्म है। जैन धर्म अनादि काल से चला आ रहा है। जैन धर्म में अहिंसा और कर्मों की विशेषता पर विशेष बल दिया जाता है। भगवान महावीर ने मुख्य रूप से पांच सिद्धांत दुनिया को दिए हैं। इनमें से प्रमुख तीन- अहिंसा, स्यादवाद एवम् अनेकांत और अपरिग्रह की चर्चा हम करेंगे। इन्हें अगर विश्व ईमानदारी से अपनाए तो दुनिया में सुख शांति हो सकती है।
अहिंसाः भगवान महावीर ने हमें कौन-सा ऐसा मार्ग बताया था, जिस कारण वह हमारे मन-मस्तिष्क में समाए हुए हैं। उन्होंने हमें अहिंसा का ऐसा सिद्धांत दिया था, एक ऐसा मार्ग बताया था, जिस पर चलकर हम सुख-शांति का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। अहिंसा जैन धर्म की मुख्य देन है। किसी भी जीव को मारना नहीं, हिंसा न करना ही अहिंसा है। किसी का दिल दुखाना, किसी की स्वतंत्रता को बाधित करना, किसी के साथ अन्याय एवम् शोषण करना, किसी की आजीविका बंद कर देना अथवा करा देना, ये सब हिंसा है। इनका त्याग ही अहिंसा है। भगवान महावीर ने पशु-पक्षी और पेड़-पौधों तक की हत्या न करने का अनुरोध किया है। अहिंसा की शिक्षा से ही समस्त विश्व में दया को ही धर्म प्रधान अंग माना जाता है। भगवान महावीर का ह्लजियो और जीने दोह्व का सिद्धांत जन कल्याण की भावनाओं को परिलक्षित करता है। दया, करुणा, प्रेम, दान, क्षमा, सत्य आदि सभी गुण अहिंसा में आ जाते हैं। हमारे आज के वैज्ञानिक कहते हैं कि हमें पानी छानकर पीना चाहिए। इसलिए हम आजकल आरओ आदि का उपयोग करते हैं, मगर भगवान महावीर स्वामी ने आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व ही यह बता दिया था कि एक पानी की बूंद में लगभग 36,450 जीवाणु होते हैं। इसलिए हमें उनकी रक्षा के लिए पानी छानकर पीना चाहिए। जैन धर्म में रात्रि भोजन का पूरी तरह से त्याग है। आज के वैज्ञानिक भी इसी सिद्धांत को कह रहे हैं कि हमें इंटरमिटेंट फास्टिंग करना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### पंचायती जमीन से मिट्टी का खनन करने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर: गांव खेड़ी** गुज्जर में पंचायती जमीन से अवैध रूप से मिट्टी उठाने के आरोप में थाना गन्नौर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीडीपीओ कार्यालय की तरफ से मिली शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत खेड़ी गुज्जर में पंचायती जमीन व खाल नंबर 133 से ऋषिपाल व सोनू ने अवैध रूप से मिट्टी उठाई है। इस दौरान उन्होंने पंचायती जमीन में लगे पत्थर निशानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मिट्टी उठान के दौरान आरोपितों ने खेड़ी गुज्जर से भौरा रसूलपुर रोड को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बीडीपीओ कार्यालय की तरफ से ग्राम पंचायत खेडी गुज्जर के पंचायत प्रस्ताव, मौके के फोटो सहित, नकल जमाबंदी तथा निशानदेही रिपोर्ट भी पुलिस को दी गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित ऋषिपाल व सोनू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शिकायत पर बीडीपीओ कार्यालय द्वारा कार्रवाई के लिए उपायुक्त, एसडीएम गन्नौर, खनन विभाग, ग्राम सचिव को भी पत्र भेजकर अवगत करवा दिया है।

### गाय खरीदने का झांसा देकर पशुपालक से ठगे 70 हजार रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ : आनलाइन गाय खरीदने का** झांसा देकर शातिर ठग ने गांव खायरा निवासी एक पशुपालक से 70 हजार से अधिक रुपये हड़प लिए। पीड़ित पशुपालक ने पुलिस थाने में शिकायत देकर शातिर ठग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव खायरा निवासी पशुपालक पवन कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने फोन पर फेसबुक पर ऑनलाइन घर पर गाय भेजने का विडियो देखा, जिसमें फोन नंबर पर फोन करने को विडियो में बताया गया था, उसने उस नंबर पर कॉल किया। पांच मार्च को पहले 10 हजार रुपये भेजने को बोला। इसके बाद फोन करने वाले ने कहा कि शाम तक गाय आपके घर पहुंच जाएंगी। इसके बाद वह शाम तक नया-नया बहाना बनता रहा तथा खाते में रुपये डलवाता रहा। फोन करने वाला बोलता रहा कि आप पहली बार आनलाइन गाय खरीद रहे हो, आपकों नियम का नही पता। फोन करने वाले ने फोन-पे के माध्यम से खाते में 70 हजार 269 रुपये डलवा लिए।

### टैंक में डूबने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़: गांव बसई निवासी एक व्यक्ति की** वाटर टैंक में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक का शनिवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव बसई निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 20 अप्रैल को उसे सूचना मिली कि उसके परिवार के नाते में लगने वाला भाई सुनील की वाटर सप्लाई टैंक में डूबने से मौत हो गई है। यह सूचना पाकर वह परिजनों सहित मौके पर पहुंचा। उसका भाई सुनील सुबह घूमने के लिए वाटर टैंक के पास गया था। इसके बाद वह दीवार पर बैठ गया। उसके भाई का अचानक बैलेंस बिगड़ने से वह टैंक में गिर गया, टैंक में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया हैं।

### अवैध हथियारों सहित युवक गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्रा**इम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ कालू निवासी रामनगर हाल में विकास नगर सोनीपत का है। यूनिट में तैनात सिपाही पवन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सेक्टर-23 की सीमा में मौज्द थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित आने वाला है। टीम ने संदिग्ध हालत में युवक घुमता हुआ मिला।

उसे रोकर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध हथियार बरामद हुए। जिसमें एक पिस्तौल 32 बोर, दो जिंदा रौंद उसके घर से बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही सरकार: सीएम नायब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को सुविधा देना सरकार का दायित्व है। सरकार लगातार जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। देश को आजाद हुए 77 सात बीत गए, लेकिन 2014 से पहले देश जिस गति से आगे बढना चाहिए था, जिस गति से देश का विकास होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया था। जिस दिन से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, हमारा देश आज कितना आगे निकल चुका है। यह जनता के सामने हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को करनाल के सेक्टर-8 में करनाल प्रोपर्टी डीलर्स एसोसिएशन के प्रधान एवं भाजपा अर्बन मंडल के उपाध्यक्ष गौरव खुराना की ओर से आयोजित



जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर करनाल प्रोपर्टी डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सीएम को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। एसोसिएशन की ओर से सीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में यह परिवर्तन आया है कि भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था, लेकिन अब 5वें स्थान पर भारत का नाम है।

आज पूरी दुनिया में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। भारत 10 वर्षो में बहुत आगे निकल गया है। देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। मोदी जैसा नेतृत्व सैकडों वर्षो बाद देश को मिला है, जिसने देश को एक नई दिशा व नई दशा दी है। सीएम ने कहा कि 2014 से पहले दुनिया बोलती थी हम सुनते थे, अब भारत बोलता है दुनिया सुनती है। यह केवल नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। 2014 से पहले और 2024 के बीच का अंतर आज साफ दिखाई देता है। मनोहर लाल ने दिन-रात एक करके प्रदेश की सेवा की है। अब यह जिम्मेदार मुझे मिली है। प्रदेश में विकास की गति नहीं रूकेगी। जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा काम करने वाली सरकार है। उन्होंने उपस्थित जन से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का साथ दें। इसके अलावा सीएम नायब सिंह सैनी भाजपा कार्यकर्ता गोविंद शर्मा व नरेंद्र बाम्बा के निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा का साथ देने का वायदा किया।

## 'रोडवेज बसें मतदान करने के प्रति कर रही हैं उत्साहित'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। उन्होंने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने



बताया लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करनाल बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं।

### चिराग के शव का करवाया पोस्टमार्टम

**सोनीपत : कनाडा के वैंकूवर** शहर में हमलावरों की गोली का शिकार हुए सेक्टर-12 निवासी चिराग के शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। उनके शव को कनाडा में एयरपोर्ट पर भेज दिया गया है। जहां से शव सोमवार को भारत आ सकता है। उसके बाद मंगलवार को गांव बड़ौली में यमुना घाट पर उनके शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। शव को भारत लेकर आने को परिजन लगातार विदेश मंत्रालय के साथ दूतावास से संपर्क में हैं।

मूलरूप से गांव बड़ौली फिलहाल सेक्टर-12 निवासी रोमित आंतिल ने बताया कि उनके भाई चिराग आंतिल कनाडा के वैंकूवर शहर में एमबीए की पढ़ाई करने गए थे।

# अल्पसंख्यक समाज भाजपा के साथ: सिंकदर सलमानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अल्पसंख्यक मोर्चा** के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी ने कहा कि इस बार 2024 के चुनाव में मोदी सरकार लाने और भाजपा को 400 सीटे पार करवाने में अल्पसंख्यक समाज की अहम भूमिका होगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को ध्यान में रखते हुए अनेकों योजनाएं चलाई गई, जिनका उन्हें पूरा लाभ मिला है। सिकंदर सलमानी लोकसभा चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव को लेकर आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल अल्पसंख्यक समाज का इस्तेमाल



किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अल्पसंख्यक समाज का भला किया है।

मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर धर्म और हर वर्ग का मान सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि इस बार मोदी सरकार 400 पार करेगी, जिसमें अल्पसंख्यक समाज अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। मनोहर लाल ने जिस तरह से पूरे प्रदेश के साथ करनाल का विकास किया है, वह जनता के सामने है और करनाल लोकसभा की जनता मनोहर लाल के साथ है और उन्हें सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सैनी ही विजयी होंगे। अब तक कांग्रेस व अन्य पार्टियां अपना उम्मीदवार उनके सामने घोषित नहीं कर पाई हैं। सिंकदर सलमानी ने कहा कि आज सवाल के घेरे में वह पार्टियां हैं, जो जिन्होंने भाजपा का भय दिखाकर अल्पसंख्यकों के शोषण किया है। जबकि भाजपा ही केवल सभी समुदायों का सम्मान करती आई है। खुद को अल्पसंख्यकों के हितैषी कहने वाली पार्टियों का चरित्र बेनकाब हो चुका है। इस बार जनता उन पार्टियों को सबक सिखाएगी और एक बार फिर पूरे देश में कमल खिलेगा।

## 'पोस्टर आदि पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम होना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई हैं, यह ब्यौरा भी प्रैस संचालकों को देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रैस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा और विषयवस्तु में कोई आपत्तिजनक शब्द तो नहीं है। प्रचार सामग्री की भाषा किसी व्यक्ति या दल के प्रति अपमानजनक नहीं होनी चाहिए। यदि इस बारे कोई शिकायत पाई गई तो प्रकाशन करवाने वाले तथा प्रकाशक दोनों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127-ए के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

# धूमधाम से मनाया श्री विष्णु भगवान मंदिर का 42वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़: विष्णु कॉलोनी स्थित** श्री विष्णु भगवान मन्दिर का 42वां स्थापना दिवस शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन करते हुए मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मन्दिर प्रभारी शंकर लाल के मार्गदर्शन में भगवान को स्नान करवाया गया और फिर मोनिका एवं सुमन गर्ग ने विष्णु भगवान-लक्ष्मी माता की प्रतिमा को जरीदार गोटे वाली नयी पोशाक पहनाकर भव्य श्रृंगार किया। इसके बाद मुकेश शर्मा बुडौली वाले ने



पूजन करने के बाद विधि-विधान से हवन-यज्ञ संपन्न करवाया जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां डाल कर पुण्य का लाभ लिया। हवन में हर्षित एवं सोनिया मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। भक्तों ने मंदिर में विष्णु भगवान लक्ष्मी माता जी के दर्शन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। हवन उपरान्त मुकेश शर्मा बुडौली वाले ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म में हवन का विशेष महत्व होता है। पूजा-पाठ, अनुष्ठान या मांगलिक कार्यों में हवन कराने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। महाभारत और रामायण काल से लेकर ऋषि मुनियों द्वारा हवन कराने की परंपरा का वर्णन मिलता है। हवन को हिंदू धर्म में शुद्धिकरण और सकारात्मकता का कर्मकांड माना जाता है। यही कारण है कि पूजा-पाठ समेत सभी धार्मिक कार्य हवन या यज्ञ के बिना अधूरे माने जाते हैं। हवन के महत्व को न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण बताया गया है। मन्दिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि श्री विष्णु भगवान मन्दिर का स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष भव्य तरीके से मनाया जाता है। 42 वर्ष पूर्व इस मन्दिर का निर्माण श्री श्री 1008 श्री हरिनाथ महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं अन्य साधु-सन्तों की उपस्थित में करवाया गया था। भगवान विष्णु के इस मन्दिर में महेंद्रगढ़ नगर तथा आपपास के निवासी व गांवों के भक्तगण अपनी मनोतियाँ मांगतें हैं।

# घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड: उत्तम सिंह

## वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर सुविधा उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। डीसी ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। डिजिटल आईडी प्रूफ को मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में कर सकते हैं स्टोर ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

### मोटरसाइकिल सवार युवक को चपेट में लिया

**सोनीपत : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर गांव रसोई स्थित पारकर मॉल के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक बाइक पर सवार मुरथल धाम पर पूजा करने आया था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। कुंडली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शकूरपुर दिल्ली निवासी शिवचरण ने बताया कि त्रिलोकपुरी निवासी उनके भतीजे योगेश पारचा बाइक पर सवार होकर दिल्ली से मुरथल के लिए चले थे। जब वह देर रात रसोई स्थित पारकर मॉल के पास पहुंचे तो किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# मिल प्रबंधन ने शनिवार देर शाम तक टोकन किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सोनीपत चीनी मिल** में वर्ष 2023-24 के पेराई सत्र अंतिम चरण में पहुंच गया है। उक्त पेराई सत्र आज रविवार देर शाम को समाप्त हो सकता है। चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से शनिवार को गन्ना उत्पादकों को फाइनल अल्टीमेटम देते हुए शनिवार शाम के 8 बजे तक ही टोकन जारी किए है। ऑनलाइन अग्रिम टोकन बुकिंग प्रक्रिया बंद की जा चुकी है, ऐसे में बचे गन्ने को लेकर शनिवार को किसानों ने सोनीपत चीनी मिल में ही पहुंचकर अपने टोकन लगवाए। इस दौरान मिल ने उप खरीद केन्द्रों से भी बचे हुए गन्ने को ट्रकों के माध्यम से मिल में मंगवाया। रविवार को नो केन की

**अंतिम चरण में**

**रविवार को नो केन की स्थिति पैदा होते ही पेराई सत्र की समाप्ति की घोषणा की जा सकती है**

स्थिति पैदा होते ही पेराई सत्र की समाप्ति की घोषणा की जा सकती है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी में वर्ष 2023-24 की शुरूआत नवंबर 2023 में हुई थी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए मिल प्रशासन ने 20 अप्रैल 2024 तक पेराई सत्र को समाप्त करने का लक्ष्य रखा था। इसके लिए किसानों को पिछले कई दिनों से सीधे तौर पर गन्ना विभाग से संपर्क कर बचे हुए गन्ने को मिल में डालने के निर्देश दिए किए गए थे। वहीं शनिवार को सुबह ही किसानों को संदेश भेज दिया गया कि शाम के 8 बजे के बाद टोकन नही लेगा। ऐसे में जल्द से जल्द गन्ने को मिल में पहुंचाएं। मौजूदा समय में मिल क्षेत्र में गन्ना भी अपेक्षाकृत काफी कम बचा हुआ है। शनिवार को यार्ड में शाम के साढ़े चार बजे तक महज 5500 क्विंटल गन्ना ही शेष बचा हुआ था। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई थी। इसमें से अब तक मिल प्रशासन द्वारा 27 लाख 80 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा कर लिया है। जबकि एक लाख क्विंटल गन्ना गोहाना भेजा गया था। पिछले 24 घंटे में गन्ने की कमी के कारण महज 5252 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। चीनी मिल का पेराई सत्र अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। लगभग पूरे गन्ने की पेराई की जा चुकी है। बचे हुए गन्ने को लेकर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। रविवार को पेराई सत्र समाप्त हो सकता है। इस साल पेराई सत्र काफी बेहतर रहा है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए हैं।

### हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी

**सोनीपत :शहर थाना क्षेत्र के विजय** नगर में मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि सहित जेवरात व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। विजय नगर निवासी सुरेश ने बताया कि उसके पास दो मकान है। हाल तें वह पुराने मकान पर ताला लगाकर नए मकान में रहने लगा। गत 19 अप्रैल को मकान पर ताला लगाकर नए मकान पर चला गया।

# विश्व हीमोफीलिया दिवस पर अस्पताल में सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** सरकार की ओर से हीमोफीलिया मरीजों को दिव्यांग की श्रेणी में माना है और उनके दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाए जाते हैं। हालांकि सोनीपत में करीब 40 मरीजों के अभी तक दिव्यांगता प्रमाणपत्र नहीं बनाए गए है। सेमिनार में पहुंचे मरीजों ने दिव्यांगता प्रमाणपत्र का मुद्दा उठाया तो उप सिविल सर्जन एवं नोडल अधिकारी डा. नीरज यादव ने जल्द विशेष शिविर लगाकर सभी मरीजों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने का आश्वासन दिया। जिला नागरिक अस्पताल में शनिवार को विश्व हीमोफीलिया दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया

**प्रमाणपत्र**

**हीमोफीलिया मरीजों को दिव्यांग की श्रेणी में माना है और उनके दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाए जाते हैं**

गया। इसमें जिलेभर से हीमोफीलिया के मरीज व उनके अभिभावक पहुंचे थे। सेमिनार के दौरान उप सिविल सर्जन डा. नीरज यादव, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. गिन्नी लांबा, फिजिशियन डा. राकेश फोगाट व प्रयोगशाला से डा. सुमन मुख्य रूप से शामिल हुई। चिकित्सकों ने मरीजों को बताया कि चोट लगने पर रोगी को कैसे अपना बचाव करना है और फैक्टर कब लगवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बार बार अगर किसी मरीज को रक्तस्राव हो रहा है तो उसके लिए सावधानी बरती जाए। साथ ही चिकित्सक ने नर्सिंग अधिकारियों को भी अस्पताल में आने वाले मरीजों की सहायता करने के लिए कहा गया। जिससे मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। सेमिनार के दौरान मरीजों ने सरकार से पेंशन न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के बावजूद डेढ़ साल से उन्हें पेंशन नहीं मिली है। इस पर चिकित्सक ने बताया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय तीन लाख रुपये है।

### अगर में गलत हूं तो मुझे वोट ना दें: धर्मवीर

**नारनौल।** विधानसभा के बड़े गांव सिहमा में भिवानी महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मवीर सिंह का ग्रामीणों ने शनिवार को काले झंडे दिखाकर विरोध किया। सांसद के अलावा पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव भी सभा में मौजूद थे। ग्रामीणों के विरोध को देखकर वे थोड़ी देर में ही दूसरे गांवों के रवाना हो गए । भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद व भाजपा की टिकट से महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह आज वोट मांगने के लिए गांव सिहमा में आए थे।

# गनमैन का हथियार लेकर भागने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सेक्टर-27 शहर थाना** सोनीपत पुलिस ने पंप से तेल डलवाकर बिना रुपये रिए व गनमैन का हथियार लेकर फरार होने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव शादीपुर निवासी विकास ने 19 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह भारत पेट्रोल पंप पर बतौर गनमैन के पद पर तैनात है। गत 19 अप्रैल को करीब 4.45 बजे पंप पर बतौर डयूटी पर तैनात था। पंप पर डस्टर गाड़ी तेल डलवाने के लिए आया। सैल्समैन अरूण शर्मा निवासी देवीवाड़ा मोहल्ला ने उनके कहने पर एक हजार रुपये का डीजल डलवाया। कहने लगे कि पेटीएम से बिल का अदा करेगें। गाड़ी में तेल डलवाने के बाद रुपये देने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने रुपये नहीं दिए। कार सवार युवक कहने लगे कि रुपये नहीं देगें तो क्या कर लेगें। गाड़ी रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी। उसने अपने लाइसेंसी असला डोगा से ड्राइवर साइड में शीशे पर मारा। उनकी गाड़ी का शीशा टूट गया। गाड़ी चालक ने उसे डोगा छीन लिया। उसके बाद गाड़ी लेकर बहालगढ़ की तरफ फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में कार सवार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अमरजीत ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त कार व छीना गया हथियार बरामद कर लिया है।

**न्यूज फ्लैश**

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय उत्सव शिक्षांगन 2024 का आयोजन



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय शिक्षांगन 2024 उत्सव समारोह का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। दो दिन में होने वाली सभी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया। आने वाले 2 दिनों में शिक्षा में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों के लिए कई प्रतिस्पर्धा रखी गई हैं। जिनमे नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी शिक्षा' एस गोट टैलेंट, साइंस एग्जीबिशन इत्यादि शामिल हैं। उदघाटन के बाद शिक्षांगन का टीजर लॉन्च हुआ। जिसने शिक्षांगन के रचनात्मक,उत्साह और जुनून को परिभाषित करने वाली एक झलक सबके सामने प्रस्तुत की। उद्घाटन समारोह में हमारे मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एस.सी गौर, शौर्य चक्र, विशिष्ट सेवा मेडल और ब्रिगेडियर के.के सिंह जी थे। साथ ही कार्यक्रम में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग , फैकल्टी इंचार्ज नियति बालियां, शैली वडेरा, दिलबाग सर, चीफ एडवाइजर प्रोफेसर पी.सी तिवारी भी मौजूद रहे। अंत में सभी बच्चों को आने वाले दो दिनों के लिए शुभकामनाएं दी गई साथ ही उन्हें प्रेरित किया गया कि वह हर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग ले।

## नशा बेचने वालों की संपत्ति पर चला पीला पंजा

**मनीष कुमार**
**अम्बाला** : अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के लिए अंबाला पुलिस व नगर निगम विशेष अभियान चलाए हुए हैं आए दिन शहर में अवैध निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई



भी की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरि पैलेस के साथ लगती दीवार के साथ अवैध कब्जा कर रखा था। जिसके चलते प्रशासन के द्वारा कई बार अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई थी लेकिन उसके बावजूद भी वहां पर अवैध निर्माण का काम चलता रहा। अब एक बार फिर निगम का दस्ता हरि पैलेस के पास पहुंचा और अवैध निर्माण तुड़वाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह सरकारी जगह है और यहां पर किसी का कब्जा नहीं हो सकता है। ऐसे में स्थानीय निवासी यहां पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जिससे नशा तस्करी करने वालों को बढ़ावा मिल रहा है।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से हेड ब्वॉय, हेड गर्ल का चुनाव हुआ

### दयानंद हाउस में हाउस कैप्टन परी, वाइस कैप्टन अवनी, स्पोर्ट्स कैप्टन प्रत्युष, प्रीफेक्ट आदर्श व वंशिका को चुना गया, गांधी हाउस में हाउस कैप्टन प्राची, वाइस कैप्टन विधि, स्पोर्ट्स कैप्टन तिशा, प्रीफेक्ट आयुषी व पचाहत को चुना गया

**जिम्मेवारी**

**हेड ब्वॉय दीपेंद्र, हेड गर्ल प्राची, ब्वॉय स्पोर्ट्स कैप्टन अमन और गर्ल स्पोर्ट्स कैप्टन तनीषा को चुना गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हिमगिरी** पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड़, समालखा में बड़ी धूम-धाम व उत्साह के साथ हैड ब्वॉय, हैड गर्ल, ब्वॉय स्पोर्ट्स कैप्टन , गर्ल स्पोर्ट्स कैप्टन व क्लास मोनिटर चुनकर उनका अभिषेक संस्कार किया गया। स्कूल के जूरी सदस्यों द्वारा हेड ब्वॉय दीपेंद्र, हेड गर्ल प्राची, ब्वॉय स्पोर्ट्स कैप्टन अमन और गर्ल स्पोर्ट्स कैप्टन तनीषा को चुना गया। दयानंद हाउस में हाउस कैप्टन परी, वाइस कैप्टन अवनी, स्पोर्ट्स कैप्टन प्रत्युष, प्रीफेक्ट आदर्श व वंशिका को चुना गया। गांधी हाउस में हाउस कैप्टन प्राची, वाइस कैप्टन विधि, स्पोर्ट्स कैप्टन तिशा, प्रीफेक्ट आयुषी व पचाहत को चुना गया। टैगोर हाउस में हाउस कैप्टन मीनल, वाइस कैप्टन कुनिका, स्पोर्ट्स कैप्टन मनीष व नेहा, प्रीफेक्ट मानसी व प्रदीप को चुना गया । विवेकानंद हाउस में हाउस कैप्टन कोमल, वाइस कैप्टन अंशु, स्पोर्ट्स कैप्टन कनिका व लक्ष्य तथा प्रीफेक्ट जानवी व सूर्यांश को चुना गया । प्रथम कक्षा के मोनिटर नमन व अनाया, द्वितीय कक्षा के मोनिटर यश व अर्पिता, तृतीय कक्षा के मोनिटर रियान व हिमांसी, चतुर्थ कक्षा के मोनिटर दक्ष व ईशा, पांचवी कक्षा के मोनिटर जीवेश व हर्षिका, छठी टोपाज कक्षा के मोनिटर आयुष व यशिका, छठी पर्ल कक्षा के मोनिटर धीरज व विधि, सातवीं टोपाज कक्षा के मोनिटर अतिशय व जिया, सातवीं पर्ल कक्षा के मोनिटर लक्ष्य व रिद्धि, आठवीं टोपाज कक्षा के मोनिटर शुभम व रिया, आठवीं पर्ल कक्षा के मोनिटर हर्षित व मन्नत, नौवीं टोपाज कक्षा के मॉनिटर नैतिक व अदिति, नौवीं पर्ल कक्षा के मोनिटर सूर्यांश व अर्पिता, दसवीं टोपाज कक्षा के मोनिटर प्रिंस व आयुषी, दसवीं पर्ल कक्षा के मोनिटर मोहित व तन्वी,ग्यारवीं टोपाज के मोनिटर अंजु व प्रगति,ग्यारहवीं पर्ल के मोनिटर विपिन व भूमिका, ग्यारहवीं रूबी के मोनिटर आर्यन व आशना,बारहवीं टोपाज कक्षा के मोनिटर विनय व साक्षी, बारहवीं पर्ल के मोनिटर प्रिंस व किट्ठू, बारहवीं रूबी के मोनिटर साहिल व आरुषि को चुना गया । सभी कक्षा मोनिटर, हेड गर्ल एंड ब्वॉय स्पोर्ट्स कैप्टन, प्रीफेक्ट ने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने की प्रतिज्ञा ली । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने चुने गए सभी बच्चों को बधाई दी व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि चुने हुए बच्चे स्कूल के अन्य बच्चों के आदर्श हैं । मुझे पूर्ण विश्वास है कि चुने हुए सदस्य अन्य बच्चों के सामने अनुशासन कायम करने में, स्कूल के वातावरण को सात्विक व सभ्य बनाने में तथा सभी को साथ लेकर स्कूल को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे । स्कूल चेयरमैन राजबीर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सभ्य समाज का निर्माण सभ्य एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों के द्वारा ही किया जा सकता है । बच्चे भारत के भविष्य की रीढ़ की हड्डी है। अतः हमें ही इनमें अपने कर्तव्य का निर्वाह व सहयोग की भावना आदि गुणों का समावेश विद्यालय स्तर पर ही करना होगा । बच्चों में इन गुणों का निर्माण करने के लिए ही उनको इस प्रकार की जिम्मेदारियां दी जाती है ताकि वे एक सभ्य समाज के निर्माण व देश की उन्नत्ति में अपनी भागीदारी निभा सके।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल सिटी में मतदान करने हेतु दिलाई शपथ




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली** पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में 2024 को मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया क इसमें विद्यालय के सभी छात्रों एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने भाग लिया क इस शपथ कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने सभी को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उचित उपयोग करने हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक होकर एवं धर्म, वर्ग, जाति से ऊपर उठकर बिना किसी प्रलोभन

**शपथ**

**सभी को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उचित उपयोग करने हेतु शपथ दिलाया**

के अपने मत का उचित प्रयोग करेंगे क उन्होंने कहा कि वोट का प्रयोग करके हम लोकतंत्र में अपनी हिस्सेदारी ही नहीं निभाते बल्कि अपनी पसंद की सरकार भी बनाते हैं क्लोकतंत्र में हम सभी कीआस्था है कहमें इसे वोट के माध्यम से और मजबूत करना चाहिए।

## महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में सामूहिक कन्या पूजन हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र**: झासा रोड़, श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए महंत वंशी पुरी जी महाराज एवं महंत महेश पुरी जी महाराज के सानिध्य में सामूहिक कन्या पूजन का अनुष्ठान किया गया। महंत वंशी पुरी जी महाराज ने कहा कि कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है। मां भय, निराशा, विघ्न और शत्रुओं का हरण करे। हम सब के जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली, सफलता व सकारात्मक ऊर्जा लाए। दिगंबर महेश पुरी ने स्वयं 9 कन्याओं व एक बालक का पूजन किया और कहा कि दुर्गा रूप कन्याओं का कभी भी पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस अनुष्ठान को विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा द्वारा प्रायोजित किया गया था।

# मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों से जिले में चल रही गेहूं खरीद कार्यो की समीक्षा करते हुए उठान से सम्बधिंत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्य सचिव टी वी एस एन प्रसाद ने वीसी की अध्यक्षता करते हुए सम्बधित को स्पष्ट निर्देश कि अगले दो दिनों में मंडी में गेहूं की आवक का 50 प्रतिशत उठान करवाना सुनिश्चत करें, ताकि मण्डियों में गेहूं उठान से सम्बधिंत किसी भी प्रकार से समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेन्सियां गेहूं खरीद का कार्य कर रही है वह अपने-अपने गोदामों में गेहूं का उठान करवाना सुनिश्चित करें, अगले 24 घंटे ये गोदाम खुले रहेगें। इसके साथ-साथ जहां गेहूं खरीद का कार्य समयबद्ध तरीके से होना चाहिए उसी प्रकार किसानों को उनकी फसलों की अदायगी भी निर्धारित समय अवधि के तहत होनी चाहिए। उन्होंनें बैठक के दौरान हर जिले में गेहूं की कितनी आवक आ चुकी हैं, कितना उठान हो चूका है, किस-किस एजेन्सी द्वारा गेहूं खरीद का कार्य करते हुए लिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है उसकी विस्तार से समीक्षा की।

उपायुक्त डॉ. शालीन ने मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिला अम्बाला में सभी मंण्डियों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। बीते कल तक सवा लाख क्वांटल गेहूं की आवक मंण्डियों में आ चूकी हैं, जिसके तहत 30 प्रतिशत उठान हो चूका है, अगले दो दिनों में लिफ्टिंग का कार्य बेहतर तरीके से करते हुए 20 हजार क्विंटल गेहूं की लिफ्टिंग की जाएगी। वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उनकी अनुपालना के तहत लिफ्टिंग के कार्य में किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वीसी को देखने व सुनने के उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित एजेन्सियों को भी कहा कि वे खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग के कार्य को भी बेहतर समन्वय के साथ करना सुनिश्चित करें।

# मेन्स एलीट में अक्षत बने चैंपियन, अंडर 18 का खिताब अंगद के नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: अक्षत सिंधू ने मैन्स एलीट (18 वर्ष से अधिक)** वर्ग में इंडीविजुअल टाईम ट्रायल (आईटीटी) कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर करेरा डी साईकलिस्टा साईकलिंग चैंप्यिनशिप अपने नाम कर ली है। चंडीगढ़ ट्राईसिटी में साईकलिंग के प्रसार में प्रयासरत साईकलगढ़ ग्रुप द्वारा नाडा साहिब - रामगढ़ रोड़ पर आयोजित इस दो दिवसीय चैंपियनशिप के पहले दिन 45 साईकलिस्टों ने अपना दमखम




दिखाया। इसी कैटेगरी में जय डोगरा और तलविंदर रंधावा को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मेन्स जूनियर (अंडर 18 आयु) वर्ग में यह खिताब अंगद के नाम रहा। हिमांशु को दूसरा जबकि को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। महिलाओं के एलीट ग्रुप में स्वाति सबलोक ने बाजी मारी जबकि अमनदीप कौर को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। वहीं दूसरे और वूमैन्स जूनियर में यशिता बख्शी को पहला स्थान प्राप्त हुआ जबकि पुण्या ने दूसरा स्थान अर्जित किया। रविवार को मास स्टार्ट में 50 से अधिक साईकलिस्ट जोर अजमाईश करेंगें। संस्थापिका मीशा बराड़ ने बताया कि इस आयोजन को करने का उददेश्य उभरते साईकलिस्टों में कंपीटिशन भावना जगाने के साथ साथ उन्हें साईकलिंग रेसिंग के पहलूओं से अवगत करवाना था।

**प्रतियोगिता**

**दूसरे और वूमैन्स जूनियर में यशिता बख्शी को पहला स्थान प्राप्त हुआ जबकि पुण्या ने दूसरा स्थान अर्जित किया**

# शस्त्र लाइसेंस धारक अपने हथियार समय पर जमा करवाएं: एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र**: लोकसभा चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंसी हथियार समय से नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें ।यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि



निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनावो की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ जिला कुरुक्षेत्र में आचार संहिता भी लागू हो गई है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं।

**आदेश**

**लाइसेंसी हथियार समय से नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें**

## कचरे से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के भूगोल विभाग द्वारा, विश्वविद्यालय परिसर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में कचरे से सर्वोत्तम व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।कचरे से सर्वोतम प्रतियोगिता में वीनू प्रथम, साक्षी द्वितीय, शिवानी तृतीय स्थान पर रहें व पोस्टर प्रतियोगिता में सरगम प्रथम, तमन्ना द्वितीय ज्योति तृतीय स्थान पर रहे व पारसदीप और अखिल को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज की प्राचार्या प्रोफेसर रीटा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

# चुनावों को लेकर कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शालीन ने कहा कि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों की पहली रैंडमाइजेशन का कार्य कर दिया गया है। ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से जिन पीठासीन अधिकारियों एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों की रैंडमाइजेशन की गई है, 24 अप्रैल से उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया जाएगा ताकि चुनाव का सफलतापर्वूक आयोजन करवाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पहली रैंडमाइजेशन




की गई है। आगे बैच बनाकर सम्बन्धित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें चुनाव प्रक्रिया से जुडी तमाम कार्यो बारे प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षत किया जाएगा ताकि चुनाव के दौरान संबधित कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-छोटे ग्रुपों में लगभग 40-40 कर्मचारियों को शैडयूल अनुसार सुबह व शाम के बैच अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। मकसद चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाना है।

उन्होंने यह भी कहा कि सम्बन्धित कर्मचारियों की ट्रेनिंग 24 अप्रैल से शुरू होगी और इन कर्मचारियों को ई-मेल के माध्यम से, एसएमएस के माध्यम से और उनके डीडीओ के माध्यम से प्रशिक्षण देने की सूचना भी दी जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है और जिस भी पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी की शैडयूल के अनुसार प्रशिक्षण लेने का दिन है, वे उस दिन अपना प्रशिक्षण अवश्य हासिल करें। यदि प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित कर्मचारी या अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार निलम्बन की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विरोध प्रदर्शन: चौथे दिन भी शंभू रेलवे ट्रैक पर डटे रहे किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है, जिसका सीधा असर अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर भी पड़ रहा है। अंबाला मंडल के अंतर्गत आज भी अनेक रेलगाड़ियां रद्द रही तथा कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बार-बार उदघोष किया जा रहा है और साथ ही सहायता केन्द्र भी बनाए गए है। जहां पर यात्रियों को रेलगाड़ियां संबंधी विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। वही आज विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी का



सामना करना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि किसान रेल लाइनों पर बैठे है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस तरह प्रदर्शन करना अनुचित है। पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने का आज शनिवार को चौथा दिन है। अंबाला कैंट से पंजाब और जम्मू-कश्मीर जाने वाला रेलवे ट्रैक पूरी तरह से जाम है। रेलवे ने किसान आंदोलन के चलते शनिवार को भी 54 ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी। रेलवे ने इनकी लिस्ट भी जारी की है। ट्रेन कैंसिल होने से यात्रियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, किसानों ने जेल में बंद किसानों की रिहाई को लेकर 22 अप्रैल को जींद में मीटिंग करके बड़ा ऐलान करने को कहा है। इसके अलावा, किसानों ने पंजाब के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ का चैलेंज कबूल करते हुए 23 अप्रैल को किसान भवन चंडीगढ़ में भाजपा नेताओं का इंतजार करने को कहा है।

बता दें कि किसान हरियाणा और पंजाब के खनौरी व शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से लगातार धरना दे रहे हैं।

**मांग**

**अंबाला मंडल के अंतर्गत आज भी अनेक रेलगाड़ियां रद्द रही तथा कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया**

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जिन भाजपा समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। कहा कि आज तरुणवीर सिंह संधु मजिठा और मनजीत सिंह मन्ना व्यास आएंगे। यहां वे उनसे सवाल पूछे जाएंगे। पंधेर ने पंजाब के भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ को भी निशाने पर लिया। पहले लखीमपुरी खीरी में, फिर शंभू बॉर्डर पर और अब पूरे पंजाब में किसानों के ऊपर ईंटों से हमला कराया। कहा कि पंजाब पुलिस के चंडीगढ़ दफ्तर पर भी भाजपा का झंडा लगवा दो। कहा कि पंजाब पुलिस का भगवा करण हो गया। थाने के एसएचओ आपके हक में बोल रहे हैं, क्योंकि तुम्हारी ईडी और सीबीआई ने सभी को डराया हुआ है।

# पर्यावरण की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है: डॉ. संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे पर्यावरण विषय पर विशेष लैक्चर का आयोजन किया गया जिसमे सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियो ने भाग लिया । इसमे मुख्य वक्ता ड़ा.संजय तनेजा जी रहे । ड़ा संजय तनेजा ने विद्यार्थियो को पर्यावरण के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया व प्रदूषण संबधी दुष्प्रभाव के बारे मे भी बताया। उन्होने कहा कि आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या और बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की प्रकृति नष्ट हो रही है। हर जगह-



जगह घने वृक्ष काट कर बड़ी बिल्डिंगों का निर्माण करना पर्यावरण और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हैं। इतना ही नहीं जहां वाहनों का धुआं, मशीनों की आवाज, खराब रासायनिक जल आदि की वजह से, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। जिसके कारण हमें अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने पर्यावरण को हम कैसे शुध्द कर सकते है वह भी विद्यार्थियो को बताया ।

इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा.राजीव सपरा ने ड़ा संजय तनेजा जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत और शक्तिशाली हुआ देश: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और देश को और अधिक मजबूत व शक्तिशाली बनाने के लिए जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है और देश की जनता इस बार भी नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अपने करनाल प्रवास के दौरान सेक्टर-32 स्थित प्रकाश वीर चौहान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।



इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर-4 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ईश्वर सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप चुनाव को लेकर जोश भरा। उन्होंने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने हर व्यक्ति की बात सुन उसका समाधान करने प्रयास किया है, ताकि आम जन को किसी भी तरह की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही ऐसा संगठन है जहां एक कार्यकर्ता को बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। दूसरी पार्टियों में कुर्सी को लेकर होड़ लगी रहती है। प्रदेश में मनोहर लाल ने जो योजनाएं चलाई थी, उनका लाभ प्रदेश की जनता को लंबे समय तक मिलता रहेगा। आज योग्य युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मनोहर लाल की नीतियां हैं, जो आज किसी को अपने काम के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। आज घर बैठे हुए प्रदेश की जनता योजनाओं का लाभ उठा रही है। पहले अपनी शिकायत को लेकर लोग यहां-वहां भटकते थे लेकिन सरकार ने सीएम विंडो की शुरूआत की। सीएम विंडो के माध्यम से घर बैठे शिकायतों का समाधान हो रहा है और पीड़ितों को न्याय मिल रहा है। सीएम ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल ने प्रदेश को नई गति देने का काम किया है। आज हर गांव शहर में सडकों का जाल बिछाया और सडकें पक्की की है। पहले दक्षित हरियाणा में पानी की किल्लत थी, माताएं किलोमीटर दूर से पानी लाती थी। प्रदेश सरकार ने हर घर में नल और स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया, ताकि माताओं बहनों को पैदल चलकर पानी न लाना पड़े।

# ओलावृष्टि: मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सुना किसानों का दर्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन्द्री में ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसल का जायजा लेने पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए कृत संकल्पित है। किसानों की खराब फसल के लिए सरकार की ओर से विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों की खराब फसल के लिए सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को इंद्री क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हो गई थी। इस अवसर पर उनके साथ इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क, मेहर सिंह कलामपुरा, धर्मपाल शांडिल्य, रघुबीर बत्तान सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### एम धर्मा ने गुड़गांव ओपन का खिताब जीता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह:** बेंगलुरू के एम धर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा के नूंह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से अमृतांजन द्वारा संचालित एक करोड़ रुपये इनामी गुड़गांव ओपन गोल्फ टूनार्मेंट का खिताब जीता और सात साल के खिताबी सूखे को समाप्त किया। धर्मा ने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया और पांच शॉट के अंतर से 2017 से पहला खिताब जीता। धर्मा को तीसरा पेशेवर खिताब जीतने के लिए 15 लाख रुपये की इनामी राशि मिली और वह टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में 40वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए। खलिन जोशी (69-71-68-67) ने 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से दिन का सबसे कम स्कोर बनाया और 13 अंडर 275 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दिल्ली के सार्थक छिब्बर (71-70-64-70) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया और वह खलिन तथा बेंगलुरू के यशास चंद्रा (69-69-69-68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। यशास ने सत्र में तीसरी बार शीर्ष 10 में जगह बनाई। खुशी व्यक्त करते हुए एम धर्मा ने कहा, ह्लमुझे इस जीत के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है इसलिए मैं इस पल का आनंद ले रहा हूं। मेरी शानदार बॉल-स्ट्राइकिंग इस सप्ताह मेरे खेल का सबसे अच्छा पहलू थी। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में मैं कई बार जीतने के करीब पहुंचा, फिर भी मैंने धैर्य बनाए रखा, हिम्मत नहीं हारी और कड़ी प्रैक्टिस जारी रखते हुए अपने काम पर डटा रहा। यह सकारात्मक दृष्टिकोण आखिरकार मेरे लिए लाभदायक रहा।




### ऐतहासिक गुरुद्वारा नाडा साहेब में नाटक कौम दा योद्धा का मंचन आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बाबा बंदा सिंह ब**हादुर की शहादत के बाद 18वीं सदी का समय खालसा पंथ के लिए बेहद कठिन रहा। मुगल सल्तनत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाले खालसा पंथ को जड़ से खत्म करना चाहते थे। 18वीं सदी के कुर्बानियों भरे सिख इतिहास पर आधारित व कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा की जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित लाइट एंड साउंड ड्रामा, कौम दा योद्धा का मंचन 21 अप्रैल को ऐतहासिक गुरुद्वारा नाडा साहेब में शाम 7.30 बजे मंचित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह, धर्म प्रचार के चेयरमेन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सहित अन्य सदस्य व प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी। गुरुद्वारा नाडा साहिब के मैनेजर रणजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से बाबा जस्सा सिंह रामगढियि जनम शताब्दी कमेटी के अंतर्गत इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की सांझी पेशकारी में 18वीं सदी में सिखों की महान कुर्बानियों व मुगलों के जुल्मों की दास्ताँ को मंच व स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। रोशनी व धवनी पर आधारित इस नाटक के लेखन व निर्माण इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु द्वारा किया गया है। नाटक कौम दा योद्धा का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी व निर्देशक कृष्ण मलिक ने किया है।

### जिले में बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का सरकार को भेजा ब्यौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के उपायुक्त** उत्तम सिंह ने कहा कि जिले में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से कुछ गांवों में फसल खराब हुई है। जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए इन गांवों से जुड़ा ब्यौरा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दिया है। उन्होंने जल्द से जल्द फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की डिमांड भी विभाग के समक्ष रखी है, ताकि किसान स्वयं भी अपनी खराब फसल का ब्यौरा इस पोर्टल पर डाल सके।

# 22 को आयोजित होने वाले देशोरी धर्म कारज की तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़:**

**लोवा कलां 17 खाप के** पूर्व प्रधान स्व श्रीचंद मान की स्मृति में आयोजित होने वाले देशोहरी धर्म कारज की तैयारियां जोरों पर है। हलवाईयों की बड़ी टीम स्वादिष्ट पकवान बनाने के काम में जुटी हुई है। पालम 360 और लोवा 17 खाप के प्रतिनिधियों की देखरेख में देशभर से आने वाले लोगों के अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां भी की जा रही है। सिद्दीपुर लोवा कलां गांव में इस्सरहेड़ी रोड़ पर 10 एकड़ के फॉर्म में टैंट लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। लोवा सत्रह खाप के प्रधान अशोक मान की अगुवाई में देशभर की खापों, तपों को चिठ्ठी भेजकर निमंत्रण भी दिया जा चुका है। स्व.



श्रीचंद मान की स्मृति में 22 अप्रैल को आयोजित हो रहे देशोरी धर्म कारज में देशभर से खाप प्रतिनिधी, राजनीतिक दलों के बड़े नेता, धार्मिक गुरू और समाजसेवियों के साथ हजारों- लाखों की संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। इसी हिसाब से तैयारियां भी पूरी की गई है। देशोरी धर्म कारज की तैयारियों के बीच पिछले कई दिनों से हवन यज्ञ का आयोजन भी चल रहा है। प्रख्यात पंडित मिलकर समाज में शांति और पर्यावरण रक्षा के लिए नियमित यज्ञ कर रहे हैं। हरियाणा की खाप परम्परा में देशोरी धर्म कारज के लिए पहले गांव फिर अपनी खाप और फिर उससे बड़ी खाप की पंचायत कर अनुमति ली जाती है। तमाम सामाजिक और सांस्कृतिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही देशाहरी धर्म कारज किया जाता है। देशोहरी धर्म कारज से ठीक एक दिन पहले शाम को खिचड़ी का कार्यक्रम किया जाता है। देशोहरी धर्म कारज के ठीक अगले दिन हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भी मान परिवार की तरफ से 62 वां हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन गुरूकुल की कन्याओं द्वारा हवन यज्ञ के बाद लोगों के लिए देशी घी का खुला भंडारा भी लगाया जाएगा। हनुमान जयंती पर भंडारे की शुरूवात स्व. वेदवती मान ने शक्कर और चावल के भोग के साथ ही थी जो अब तक लगातार जारी है।

# नीशु त्यागी के सम्मान में छात्रों ने निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:**

**यूपीएसई में 152वीं** रैंक प्राप्त करने वाली नीशु त्यागी के सम्मान में शाश्वत चेतना स्कूल के छात्रों ने भव्य रैली निकाली। रैली गढ़ी केसरी से से होती हुई विद्यालय पहुंची। जहां विद्यालय की प्रबंधक दर्शन शर्मा, चयेरमैन राजकुमार शर्मा, प्राचार्या डिंपल शर्मा, उपप्राचार्य सिद्धार्थ शर्मा, डा. प्रीति शर्मा, प्रज्ञ-ाश्री, अखिला शर्मा, विकास वर्मा ने नीशु त्यागी को फूलमाला पहना कर सम्मानित किया। स्कूल में छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। नीशु त्यागी ने छात्रों को बताया कि जीवन में कैसे संघर्ष कर आगे बढ़ा जा सकता है।

स्कूल प्राचार्या ने नीशु त्यागी को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



# राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: राजकीय महाविद्यालय** गन्नौर में शनिवार को महाविद्यालय स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इन प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता ,नारा लेखन, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 27 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की।



कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जया कुमारी व द्वितीय स्थान पर नेहा रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी, नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिशा व द्वितीय स्थान पर नेहा रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी व द्वितीय स्थान पर रिंशी रही। जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मयंक व द्वितीय स्थान पर डिंपल रही।

# मंडी व खरीद केंद्रों में फसल उठान के कार्यो में तेजी लाए खरीद एजेंसी: नागर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: एसडीएम निर्मल नागर** ने शनिवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में गेहूं खरीद एजेंसियों व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने अनाज मंडी व खरीद केंद्रों में फसल उठान के कार्य को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दो दोनों में निर्धारित मापदंड के तहत फसल उठान सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए किए गए प्रबंधों की भी जानकारी ली। एसडीएम निर्मल नागर ने बरसात के मौसम में आढ़तियों द्वारा गेहूं को गीला होने



से बचाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। गेहूं की ढेरियों बोरियों को ढकने के लिए तीरपाल की भी उपलब्धता रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग, नायब तहसीलदार गजे सिंह, कानूनगो, पटवारी खाद्य आपूर्ति विभाग व एफसीआई के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोबाइल टावर से गिरने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़: गांव बाधौत में अज्ञात** कारणों के चलते एक युवक की मोबाइल फोन के टावर से गिरने से मौत हो गई। युवक मानसिक तौर से परेशान बताया गया है। कनीना सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव बाधौत निवासी कर्मवीर ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। जिसमें दो लड़के व एक लड़की है। उसका बड़ा लड़का कपिल देव लगभग 29 साल का है। वह 19 अप्रैल की रात को मानसिक परेशानी के चलते 11 बजे घर से गया था। 20 अप्रैल को सुबह उनको पता चला कि कपिल देव हमारे घर के नजदीक एक निजी मोबाइल फोन कंपनी का टावर लगा हुआ था।

# राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में करें मतदान: डॉ.अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा चिकित्सा** प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया की अध्यक्षता में सभी जिला संयोजकों, सह संयोजकों एवं प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्यों की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सभी जिलों से आए जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों को आह्वान किया कि वह सभी अपने चिकित्सा के कार्य के साथ-साथ भाजपा की सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में विकास एवं सामाजिक उत्थान के




लिये किए गए कार्यो की लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करें ।डॉ.अर्चना गुप्ता ने सभी चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि हमारी केंद्र की मोदी सरकार का जो 400 पार का नारा है, उसके लिए हम सबने नरेंद्र मोदी के इस नारे को साकार करने के लिए एकजुटता से काम करना है। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि चिकित्सकों की जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का नजरिया चिकित्सकों के प्रति काफी सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार चिकित्सकों की कोई भी समस्या होती है, उसके समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों आयुष्मान कार्ड को लेकर जो भी समस्याएं चिकित्सकों की थी, उन्होंने प्रदेश सरकार से मिलकर शीघ्रता से उसका समाधान करवाया। डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी सभी डॉक्टर्स की बहुत इज्जत करते हैं। उनके मन में डॉक्टर के प्रति काफी अच्छी सोच है।

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को यह आह्वान किया कि सभी मिलकर अपने संगठन की मजबूती के लिए काम करें, ताकि पार्टी का विस्तार हो सके।

# रोहित शर्मा को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा**

**भाजपा विधानसभा के खरखौदा** कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दत्त की अध्यक्षता में रोहित शर्मा को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो द्वारा उन्हें फूल मालाओं व पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा ने कहा कि जो उन्हें पद देकर सम्मानित किया है। वे निस्वार्थ भावना से अपने दायित्व, निष्ठा, कर्तव्य का पालन करेंगे। उन्होंने सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया। सुनील सरोहा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अभिजीत राठौर, पूर्व प्रत्याशी रामनिवास, अजय राठौर, केशव सिसाना, संदीप , रोहित, अंकित व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# उपमंडल अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ ने ली मतदान की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: उपमंडल अस्पताल के** चिकित्सकों और स्टाफ सदस्यों ने शनिवार को शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसएमओ डा. टीना आनंद ने कहा कि अस्पताल प्रशासगन द्वारा स्टाफ के साथ मरीज एवं उनके परिजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। एसएमटो डा.



टीना आनंद ने शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाऐ रखेगें तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे।

# 'डिस्टलरी से निकलने वाले वाहनों की करें रियल टाइम मॉनिटरिंग'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि जिला में 18वें लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। आबकारी एवं कराधान विभाग व एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) एफएसटी (फ्लाईग स्कवाड टीम) के अधिकारियों को अवैध तरीके से शराब की बिक्री व आवाजाही की पूर्ण रोकथाम के लिए सख्त रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना कराने में एफएसटी और एसएसटी टीमों का अहम रोल है। आदर्श आचार संहिता को मूर्त रूप से लागू करने के लिए चुनाव आयोग गंभीर है। सभी टीमों को सी-विजिल एप और ईइसएमएस एप के बारे और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सभी टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि डिस्टलरी से शराब लेकर निकलने वाली गाडियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाए, जिसके लिए गाडियों में जीपीएस सिस्टम होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि चेकिंग के दौरान गाड़ी बगैर जीपीएस के मिलती है या निर्धारित रूट पर नहीं मिलती है तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**गंभीर**

**निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा**

**आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ गतिविधि मिलने पर तुरंत लें एक्शन:-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ कोई गतिविधि मिलती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक्शन लें। जिला में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मल्टी लेयर सिस्टम तैयार किया गया है जिससे की प्रभावी मॉनिटरिंग होगी। इसके अलावा एसएसटी टीमों को निर्धारित नाकों के अलावा सरप्राइज नाके लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।

शिकायतें / सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल पर दर्ज की जा सकती है। नियंत्रण कक्ष सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही / बिक्री व हरियाणा राज्य में नकली शराब की आवाजाही व बिक्री के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है।

# राकेश भारद्वाज चौक: आदर्श रसोई में मनाई गई बैसाखी और अम्बडेकर जयंती








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कहा जाता है की सेवा का फल कभी व्यर्थ नहीं जाता और इसी राह पर चलकर पिछले 3 सालों से समाज की सेवा कर रही है आदर्श नगर की आदर्श रसाई। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने इस बार अपने तीसरे साल के तीसरे रविवार के सफर को पूरा कर लिया और साथ ही समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। बता दे की हर रविवार राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई में इस बार बैसाखी उत्सव और बाबा साहब भीमराव अम्बेडर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर आदर्श रसोई की तरफ से विशेष दिवस के उपलक्ष में केक कटवाया गया और आदर्श रसोई की शुरूआत हुई। इस मौके पर कई व्यंजनों का लोगों ने स्वाद लिया। इस दौरान फल वितरण भी किए गए। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने आदर्श रसोई के कार्यों की सराहना की और कहा कि सभी को इस प्रकार के सेवा के कार्य अधिक से अधिक करने चाहिए।

# शालीमार बाग पहुंचने पर जन आशीर्वाद यात्रा का किया स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला केशवपुरम भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गोविन्द शर्मा की अगुवाई में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल की जन आशीर्वाद यात्रा का शालीमार बाग क्षेत्र में पहुंचने पर भव्य रूप में स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, यात्रा संयोजक व जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, शशि जेटली मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान ब्राह्मण समाज की ओर से केपी शर्मा, आरपी कौशिक, सत्यपाल शर्मा, बालमुंकुद शर्मा, पंडित राममेहर, मुकेश शर्मा, सतीश वत्स, नेहा शर्मा, पंडित रामपाल शास्त्री, पंडित गोर्वधन नाथ चतुर्वेदी ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोविन्द शर्मा ने कहा कि प्रवीण खंडेलवाल बड़े मार्जन से विजयी होगें और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, वहां पर हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता भाजपा के साथ है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंचायत संघ ने योगेंद्र चंदोलिया का किया जोरदार स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का नांगलोई सईदान गांव में दिल्ली पंचायत संघ ने जोरदार तरीके से स्वागत स्वागत किया। राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव पंचायत के प्रमुख सरदार बलबीर सिंह, शीतल दास, चौधरी भगवान दास, सुरेंद्र, जयराम, हरकेश यादव ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया।

**कई दिग्गज नेता कार्यक्रम में हुए शामिल:** इस मौके पर पूर्व परिवहन एंव विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन, नांगलोई विधानसभा से पूर्व विधायक मनोज शौकिन, गुरूहरिकिशन नगर वार्ड नंबर-48 से निगम पार्षद मोनिका गोयल, पूर्व पार्षद नरेंद्र बिदंल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र मोहन पाण्डेय, पूर्व पार्षद रेणु शौकीन, अनिता गहलोत, जयदेव भागौरिया, पूर्व चेयरमैन दिलपत शर्मा के साथ-साथ दिल्ली पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली देहात के लिए योगेंद्र चांदोलिया ने अपने सौ दिन के कार्यो में मैट्रो विस्तार के लिए जोर दिया है। जिसका पंचायत संघ आभार व्यक्त करती है।

# मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र की सेवा बस्ती की लाभार्थी महिलाओं संग भाजपा ने की बैठक






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन क्षेत्र में लाभार्थी महिलाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद विकेश सेठी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चांदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सेवा बस्ती की सैकड़ों लाभार्थी महिलाओं के साथ-साथ चांदनी चौक जिले से भाजपा के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम में कई भाजपा नेता रहे उपस्थित:** इस बैठक के दौरान प्रवीण खंडेलवाल के साथ-साथ चांदनी चौक के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, कुलदीप चौधरी उपाध्यक्ष, जिलामंत्री रश्मिी, चांदनी चौक जिला से महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संजना, मॉडल टाउन से मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी, मंडल अध्यक्ष वीरपाल, मंडल अध्यक्ष बदलूराम, संगीता मोंगा सहित जिला पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहें।

**खंडेलवाल ने सुख-दुख में साथ देने का किया वादा:** कार्यक्रम के बीच बैठक में आई सभी लाभार्थी महिलाओं ने भाजपा और प्रवीण खंडेलवाल का आभार व्यक्त करते हुए चांदनी चौक लोकसभा सीट से खंडेलवाल को विजय दिलवाने का भरोसा दिलवाया। तो वहीं खंडेलवाल ने कार्यक्रम में आई सभी लाभार्थी महिलाओं को धन्यवाद करते हुए उनका आशीर्वाद लेते हुए कहा कि इस लोकसभा के चुनाव जीतनें के बाद मैं चांदनी चौक जिलें के सभी लोगों का अपने घर-परिवार की तरह अच्छे से ध्यान रखूंगा जिसमें कि खासकर अपनी बहनों का, उनके सुख-दुख में हमेंशा साथ खड़ा रहूंगा। इस मौके पर विकेश सेठी ने बताया कि इस बैठक के दौरान सेवा बस्ती की लगभग 700 लाभार्थी महिलाएं भी मौजूद रही थी जिनको मेरें माध्यम से कन्यादान योजना, सुकन्या योजना, चौपाल योजना आदि का लाभ मिला।

# आज धूमधाम से मनाई जायेगी प्रसिद्ध समाजसेवी नरेन्द्र चुघ और सुदेश चुघ की वैवाहिक वर्षगाँठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी नरेन्द्र चुघ व सुदेश चुघ की 54वीं वैवाहिक वर्षगाँठ बड़ी ही धूमधाम से आज मनाई जायेगी।

आपको बता दें कि नरेन्द्र चुघ, देश की कई अहम संस्थाओं से जुड़े हुए है। हमेशा ही गरीबों व असहायों की मदद के लिए आगे रहते है। जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। नरेन्द्र चुघ ने कई असहायों लोगों की मदद की है। यही कारण है कि आज अपने



सेवा के कार्यों की बदौलत नरेन्द्र चुघ मॉडल टाउन क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। आज समाजसेवी नरेन्द्र चुघ व सुदेश चुघ की 54वीं सालगिरह बड़ी ही धूमधाम से मनाई जायेगी।

# परिषद ने दिष्टि उत्थान ट्रस्ट संग मिलकर चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड स्थित आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद एवं दिष्टि उत्थान ट्रस्ट द्वारा लॉरेंस रोड़ स्थित सेवा बस्ती में महिलाओं के लिए मासिक-धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

**अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक:** इस अभियान के दौरान संस्था की महिला पदाधिकारियों ने मौके पर मौजूद सभी महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी अहम जानकारी दी, इसके साथ ही सभी महिलाओं व लड़कियों को निःशुल्क सैनिट्री पैड्स एवं जूस वितरित किया गया।




**मासिक धर्म में स्वच्छता का बहुत बड़ा है रोल:** इस दौरान सपना मारवाह ने कहा कि मासिक धर्म में स्वच्छता का बहुत बड़ा रोल है।

इसकी अनदेखी और कमी कई प्रकार की बीमारियों और दूसरी समस्याओं की वजह बन सकती हैं। मासिक धर्म कोई अपराध नहीं, बल्कि एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। जिस पर घर और समाज में खुलकर बात की जाए तो इस दौरान स्वच्छता के महत्व को भी समझा जा सकता है। जिसके लिए हमें एक माहौल बनाना होगा और पुरानी परंपरागत सोच को बदलना होगा।

**दोनों संस्था के कई पदाधिकारी रहे शामिल:** इस अभियान के दौरान आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद के अध्यक्ष विनय कुमार, महासचिव शाहिद कुरैशी, कैशियर जयराम कोली, सदस्य साहिल कुरेशी, लक्की खान, रजनी कंडेरा, सहबाज़ आलम, दीपक कुमार, डॉ नीलम सूरी, तो वहीं दिष्टि उत्थान ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी व संस्थापक सपना मारवाह, अनीता चोपड़ा, शालू दुग्गल, प्रवेश जुनेजा, पीआर दास सहित दोनों संस्था के कई पदाधिकारी व सदस्य और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र: टूटा बस शेल्टर दे रहा हादसों को दावत, डीटीसी प्रशासन मस्त, जनता त्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी** दिल्ली के नरेला में पुलिस थाने के पास दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) का बस क्यू शेल्टर पिछले काफी दिनों से टूट कर गिरा हुआ है। लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते अभी तक इसे हटाने या ठीक कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि शेल्टर के टूट जाने की वजह से दुर्घटना होने का भय बना रहता है। क्योंकि शेल्टर टूट कर फुटपाथ पर गिरा हुआ है।

ऐसे में सड़क के किनारे खड़े होकर बस की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। कभी भी कोई वाहन अनियंत्रित होकर जानलेवा साबित




हो सकता है। कई बार शिकायतों के बाद भी संबंधित विभाग ने इस और ध्यान नहीं दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी बड़े हादसे के बाद ही संबंधित विभाग के अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद खुल पाएगी। स्थानीय निवासी सुरेश खत्री ने बताया कि डीटीसी का बस शेल्टर एक महीने से भी ज्यादा समय से टूट कर गिरा हुआ है। ऐसे में गर्मी की तेज धूप में बसों का इंतजार करना लोगों के लिए काफी दिक्कतो भरा साबित हो रहा है। वही आंधी के मौसम के चलते टूटा बस शेल्टर कभी भी किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता है। कई बार शिकायतों के बाद भी इसे हटाया नहीं गया है।

फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने बताया कि नरेला में लंबे समय से नए बस क्यू शेल्टर नहीं लगाए गए हैं। जो पुराने लगे हैं वह भी देख-रेख के अभाव में बेहद जर्जर हालत में है।

कई जगह पर बस क्यू शेल्टर लगे ही नहीं है। ऐसे में गर्मी धूप और बारिश के दिनों में लोग खुले आसमान के नीचे ही बस का इंतजार करते हैं।

# एमडी यूनीवर्सिटी के 200 से अधिक छात्रों ने ली भाजपा की सदस्यता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ रोहतक:** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। युवा वर्ग भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में एमडी यूनीवर्सिटी के छात्र नेता डा. मनु कुण्डु के नेतृत्व में 200 से अधिक छात्रों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षित दहिया,प्रदेश सचिव सन्नी नारा जिला अध्यक्ष दीपक उर्फ दीपू नागपाल जिला उपाध्यक्ष हरिओम भाली ने नव मतदाताओं का स्वागत किया।



संगठन मंत्री श्री शर्मा ने सभी छात्रों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। श्री शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुश है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग मोदी को चाहता है और पीएम मोदी भी युवा वर्ग को सशक्त करने की दिशा में जबरदस्त काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि डा. कुण्डू के नेतृत्व में शामिल हुए युवाओं ने भी पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

छात्र नेता डा. कुण्डु ने बताया कि सरकारी नौकरियों में बीजेपी सरकार द्वारा बरती गई पारदर्शिता ने युवाओं को काफी प्रभावित किया है। हरियाणा में युवा बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवा वर्ग को प्रोत्साहन करने वाली नायब सरकार की योजनाएं छात्रों को पसंद आ रही है, इसलिए सभी युवाओं ने भाजपा को समर्थन किया है।

युवाओं ने संगठन मंत्री को भरोसा देते हुए कहा कि वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोकसभा चुनाव में पूरी मेहनत करेंगे।

**स्वागत**

**संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भाजपा का पटका पहनाकर छात्रों का पार्टी में किया स्वागत**

# गरीब की बेटी हमारी बेटी मुहिम के तहत 125वीं शादी करवाई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल** । टीम गौ रक्षक वीरेन्द्र गोठड़ी के नेतृत्व में चलाई जा रही मुहिम गरीब की बेटी हमारी बेटी के तहत आज एक ओर गरीब परिवार की बेटी के विवाह में योगदान दिया । भाईचारे के सहयोग से यह मुहिम लगातार दो साल से चलाई जा रही है । गरीब की बेटी हमारी बेटी के तहत आज गांव थनवास (नागल चौधरी)में एक और बेटी की शादी में एलईडी टीवी, बेड , ड्रेसिंग, पंखा, टेबल, चौकी, पांच कुर्सी ,संदूक, प्रेस, सिलाई मशीन, 71 बर्तन के साथ ही 5100 रुपए की धनराशि कन्यादान स्वरूप भेंट की गई । वहीं शादी में जरूरी अन्य सामान का सहयोग भी टीम सदस्यों द्वारा किया गया। टीम गौ रक्षक वीरेंद्र गोठडी अब तक 125 शादियां करवा चुकी है। इस अवसर पर वीरेंद्र गोठड़ी ने कहा कि गरीब की मदद करना सही मायने में ईश्वर पूजा है । आज जो भी कार्य टीम सदस्यों द्वारा किए जा रहे हैं , उन सभी के आयोजनों में लगातार सामाजिक सहयोग मिलता रहा है और उम्मीद है कि टीम को भविष्य में भी इसी भांति भामाशाहों का सहयोग मिलता रहेगा। आज इस पुनीत कार्य में मुख्य सहयोगी रहे टीम सदस्यों में संजू ठेकेदार, प्रदीप जिला पार्षद, बिल्लू जांगिड़ ,सुमेर कुमावत, सुनील खटाना, लाछा कुमावत सांवल पटवारी , घनश्याम जांगिड़, दुलीचंद गुर्जर , सादीराम हवलदार आदि साथी मुख्य थे ।



## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में परिषदीय स्कूलों का समय बदलने की मांग

**मथुरा** । देश के माध्यमिक विद्यालय दोपहर 12.30 बजे तक संचालित हो रहे हैं, जबकि 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में दोपहर दो बजे तक बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। प्राइमरी के बच्चे कड़ी धूप और गर्म हवा के थपेड़े सहते हुए घर पहुंचते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए कुछ जिलों में बीएसए ने छुट्टी का समय घटाया तो बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इसे अनुचित बताते हुए दो बजे छुट्टी करने के निर्देश दिए हैं। अब प्राइमरी में भी दोपहर 12.30 बजे छुट्टी करने की मांग की गई है। मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक 7.30 से 12.30 बजे तक पढ़ाई का समय निर्धारित है। इसके विपरीत बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक स्कूल सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक खोले जाने के निर्देश हैं। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होने पर विद्यालय इसी निर्धारित समय पर खुलने और बंद होने लगे। इस बीच गर्मी बढ़ने लगी तो कुछ जिलों में बीएसए ने छात्र- छात्राओं के हित में स्कूल छुट्टी का समय घटा दिया। इस पर बेसिक शिक्षा निदेशक ने प्रदेश के सभी बीएसए को पत्र लिखकर बताया कि कुछ जिले में विद्यालय समय में परिवर्तन किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। स्थानीय सुजीत वर्मा ने जिला प्रशासन मथुरा से परिषदीय स्कूलों का समय भी भीषण गर्मी को देखते हुए 7.30 से 12.30 बजे तक किए जाने की मांग की है।

### माधुरी भारद्वाज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 22 को

**मथुरा** । बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से 22 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से बज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती माधुरी भारद्वाज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर के संयोजक भागवत आचार्य प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत शास्त्री ने कहा धर्मपत्नी स्वर्गीय माधुरी भारद्वाज की स्मृति में रक्तदान शिविर पिछले 4 वर्षों से किया इस रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को हमेशा से ही रक्त से मदद की जाती है` इसलिए देश के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी युवाओं के अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की है

### मोदी ने लिया समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्पः धनखड़

**चंडीगढ़** । भाजपा के राष्ट्रीय औमप्रकाश धनखड़ ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सांसद डॉ अरविंद शर्मा के साथ क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में ग्रामीणों से पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाया, कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक की रोकथाम के लिए कानून बनाया, सीएए को लागू किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से संकल्प किया है कि समान नागरिक संहिता (युनिफोर्म सिविल कोड)का कानून बनाकर लागू किया जाएगा। भाजपा ने उत्तराखंड से इसकी शुरूआत कर दी है। देश की जनता जानती है कि मोदी जी जो कहते हैं उसको पूरा जरूर करते हैं, यही मोदी की गारंटी है। धनखड़ ने कहा कि मोदी की गारंटी के रथ गांव गांव आए और आपके काम आपके गांव में ही किए। हर घर शौचालय बनवाया, रसोई गैस पंहुचाई, नल से शुद्ध जल हर घर पंहुचाया, आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति की मंहगे ईलाज की चिंता खत्म की। अब आगे 70 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जगों के निशुल्क ईलाज की गांरटी मोदी ने दी है। धनखड़ ने कहा कि कोरोना संकल काल में हर व्यक्ति की चिंता भाजपा की मोदी सरकार ने की और फ्री कोरोना के टीके लगाए, गरीब अन्न योजना के तहत फ्री राशन दिया, जो आगे पांच भी फ्री अनाज देने की गारंटी मोदी ने दी है। पीएम सम्मान निधि के पैसे सीधे किसानों के खातों में आ रहे हैं। फसल लागत मूल्य का डेढ़ गुणा भाव देने का कानून बनाया, बीमा योजना बनाकर लागू की। हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना का लाभ किसानों को दिया। मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रथम कॉपी सिलानी के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर दी। यह मोदी के दिल में किसानों के सम्मान भाव को दशार्ता है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए है जबकि भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की है । इसलिए देश भर से एक ही आवाज आ रही है इस बार भाजपा 400 पार और फिर से मोदी सरकार। उन्होंने

## अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़: प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

# 'कुरुक्षेत्र जिले में लड़कों के लिए एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथलः** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत आम प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक भी सांसद ने काम नहीं किया। कुरुक्षेत्र जिले में लड़कों के लिए एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है। अस्पतालों की हालत खराब है। कैथल में पिछले 10 साल में भाजपा बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए एक भी नया प्रोजेक्ट नहीं लेकर आई। भाजपा ने छह साल पहले सिटी स्कवेयर बनाने की घोषणा की थी, जो कैथल का ड्रीम प्रोजक्ट कहा जाता था। ये 54 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होना था, जो 2021 में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। यदि हम कैथल के इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो आधा दर्जन प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जो केवल कागजों में है। कैथल पटियाला हाईवे से सीधा 50 से ज्यादा गांव को फायदा होना था। केंद्र सरकार की 130 करोड़ रुपए की मंजूरी के बाद भी यहां का सांसद इस पर काम शुरू नहीं करा पाया। उन्होंने कहा कि जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र ऐलिवेटेड रेलवे ट्रैक का प्रोजेक्ट कई सालों से अटका पड़ा है। मुख्यमंत्री ने भी इसकी घोषणा की थी कि इस प्रोजेक्ट को पूरा कराउंगा, लेकिन ये प्रोजेक्ट भी केवल कागजों में सिमट कर रह गया। ये लोग आपस में पैसों की बंदरबाट कर लेते हैं। भाजपा सरकार में असल में तो प्रोजेक्ट आता नहीं और आता है तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। सहकारिता विभाग में 100 करोड़ रुपए के घोटाले के तार कैथल से जुड़े हैं, जो सीधे सहकारिता मंत्री से जाकर मिलते हैं। केंद्र सरकार ने कैथल सहकारिता विभाग के लिए जिले के विभिन्न बैंकों को कंप्युटर और फर्नीचर खरीदने के लिए पैसे भेजे थे जो इन्होंने बांट कर खा लिए। उन्होंने कहा कि कैथल में भ्रष्टाचार का गिरोह चल रहा है। ये लोग नए प्रोजेक्ट लगाने की घोषणा कराते हैं और सरकार से पैसे अप्रूव कराते हैं। फिर पैसे को प्रोजेक्ट में लगाने की बजाय अपनी जेब में भर लेते हैं। यहां खेल स्टेडियम था जिसे भाजपा ने खंडहर बना दिया, पिछले 10 साल में एक भी नई सड़क नहीं बनी, प्रॉपर्टी और फैमिली आईडी के नाम पर खेल खेला जा रहा है। आईसी कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के बाद सारे पैसे का भुगतान कर दिया।



**साधा निशाना**

**जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र ऐलिवेटेड रेलवे ट्रैक का प्रोजेक्ट कई सालों से अटका पड़ा है**

# 'उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन का कार्य प्रदेशभर में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० वी.पी. यादव ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन का कार्य प्रदेशभर में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा है।



बोर्ड अध्यक्ष द्वारा आज स्वयं उड ?दस्ते सहित जिला गुरूग्राम के अंकन केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कादिपुर एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पटौदी का निरीक्षण किया गया, जहां अंकन कार्य निर्बाध व सुचारू रूप से चल रहा था। उन्होंने अंकन केन्द्रों पर अंकन कार्य से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की खामी नहीं पाई गई। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षकों को अंकन संबंधी कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक अंकन केन्द्र पर एक-एक अधिकारी स्तर का ऑब्जर्वर पूरे समय के लिए नियुक्त किया हुआ है।

## हेमा मालिनी के प्रचार को अभिनेत्री ईशा और आहना पहुंची वृंदावन

**मथुरा:** भारतीय जनता पार्टी की मथुरा क्षेत्र से प्रत्याशी हेमामालिनी की अभिनेत्री पुत्री ईशा और आहना देवल शनिवार को उनके प्रचार के लिए मथुरा आई। यहां उन्होंने सर्वप्रथम बिहारी जी के दर्शन किए। फूल बंगला में विराजमान बिहारी जी को देखकर दोनों अभिनेत्री मंत्र मुग्ध हो गई। उन्होंने हाथ जोड़कर बिहारी जी से अपनी मां हेमा मालिनी के लिए जीत का आशीर्वाद मांगा। ईशा और आहना आज जनपद के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जी एल ए संस्कृति और गिर्राज महाराज में आमने सामने छात्र-छात्राओं से आपसी संवाद करेंगी। सांसद हेमा मालिनी की दोनों पुत्रिया मथुरा में कई दिन रुकेगी। वह यहां अलग-अलग संस्थान और प्रतिष्ठित स्थानो पर जाकर उनका प्रचार करेंगी।

# गेहूं का 75 प्रतिशत तथा सरसों का 94 प्रतिशत भुगतान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसारः** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने शनिवार को फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण, खाद्य एवं आपूर्ति, भारतीय खाद्य निगम, हैफेड, हरियाणा भंडारण निगम, मार्केट कमेटी तथा मंडी बोर्ड के अधिकारियों से क्रमवार फसल खरीद, किसानों को हुए भुगतान व उठान कार्यों की रिपोर्ट ली गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को फसल उठान कार्यों में और तेजी लाने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त परिवहन, लेबर तथा भंडारण की व्यवस्था कर ली जाए। उपायुक्त ने कहा कि गत वर्ष एक दिन में लगभग 18 हजार मीट्रिक टन का उठान हुआ था। इस बार आने वाले एक या दो दिन में 20 हजार मीट्रिक टन फसल का उठान किया जाए। उन्हें अवगत करवाया गया कि अभी तक 1 लाख 81 हजार 541 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी गई है। इसमें से 40 हजार 440 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। इसी प्रकार से 67 हजार 756 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है। इसमें से 47 हजार 619 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। गेहूं व सरसों की खरीद का कार्य मुख्यतः भारतीय खाद्य निगम, हैफेड तथा हरियाणा भंडारण निगम द्वारा किया जा रहा है।

किसानों से खरीदी गई गेहूं की फसल का 75 प्रतिशत तथा सरसों की फसल का 94 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। बैठक से पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा की। प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने गत दिनों जिले की विभिन्न मंडियों का दौरा किया है।

**रिपोर्ट**

**मंडी बोर्ड के अधिकारियों से क्रमवार फसल खरीद, किसानों को हुए भुगतान व उठान कार्यों की रिपोर्ट ली गई**

# किसान व आढ़ती बर्बादी के कगार पर है: बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
हिसारः हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने मंडियों के दौरे के दौरान कहा कि अनाज मंडी में लगभग अब तक 45.5 लाख एमटी गेहूं आ चुकी है और सरकार द्वारा गेहूं की खरीद व उठान ना करने से किसान व आढ़तियों को बड़ी दिक्कत आ रही है जबकि सरसों व गेहूं का उठान ना होने से मंडियां अनाज से भरी हुई है। किसान का गेहूं व सरसों सड़कों पर पड़ा है। सरकार को गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे पूरी तरह से फेल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बार-बार मौसम विभाग द्वारा हरियाणा में बारिश दिखाने के बावजूद भी सरकार द्वारा अनाज उठान में लापरवाही बरतना बहुत बड़ा चिंता का विषय है। पहले भी बारिश के कारण किसान का लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं खराब हो चुकी है और आगे भी बारिश होने के आसार बताएं जा रहे हैं। सरकार को सरसों व गेहूं का उठान ठेकेदारों पर दबाव बनाकर तुरंत अनाज का उठान करवाना चाहिए। हरियाणा में जो भी ठेकेदार गेहूं उठान के नाम पर पैसे मांग रहे है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण आढ़ती व किसान बबार्दी के कगार पर है। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद ना करने पर किसानों को मजबूरी में अपनी सरसों औने-पौने दामों में बेचनी पड़ रही है। सरकार ने गेहूं खरीद पर आढ़तियों को 10.99 रुपए आढ़त काम दे रही है।



समय पर पल्लेदारों को मजदूरी नहीं मिलती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को पहले की तरह हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से करके 2.5 प्रतिशत पूरी आढ़त देनी चाहिए और गेहूं व अन्य अनाज उठान का ठेका मंडी के आढ़तियों के माध्यम से देना चाहिए।

# 'रांडा पेंशन से बात नहीं बनेगी युवाओं को रोजगार दे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयहिंद** सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने एक बार फिर हजारों बेरोजगारों के साथ "बेरोजगारों की बारात" निकली। इससे पहले रोहतक और जींद में भी "बेरोजगारों की बारात" निकली जा चुकी` इस बार उन्होंने करनाल में बेरोजगारों के साथ ये बारात निकली और सरकार को अपना वायदा याद दिलाया` ये बारात करनाल के पुराने बस स्टैंड शुरू होकर पुरे शहर से होती हुई डीसी ऑफिस पहुंची जहाँ नवीन जयहिंद और बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम युवाओं की प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा गया ` जयहिंद ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि आज वे बरोजगारों की बारात निकाल रहे है क्योंकि प्रदेश में कोई भी भर्ती पूरी नहीं हो रही है` टीजीटी से लेकर ी३ तक सभी भर्तियों पर कोर्ट केस चल रहे है` आज ये सारे बेरोजगार बटेउ सरकार को अपना वायदा दिलाने के लिए आये है`जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था की 50 हजार भर्तियाँ की जाएँगी और ग्रुप डी से पहले ग्रुप सी की भर्ती होगी` वे सरकार का धन्यवाद करते है कि उन्होंने रांडा पेंशन शुरू की लेकिन सभी युवा तो रांडे नहीं रह सकते और न सारे रांडे मुख्यमंत्री या गृहमंत्री बन सकते है` पिहले 6 साल से कोई भी भर्ती पूरी नहीं हुई है` छोरे -छोरियों की शादी की उम्र निकल रही है` इनके बूढ़े माँ-बाप परेशान है इनकी शादी और नौकरी को लेकर` जयहिंद ने आगे कहा कि करनाल में आज प्रदेश के हर जिले से हजारों पढ़े-लिखे युवा आये है` कोई टीजीटी , कोई ी३ ग्रुप 56-57, कोई ग्रुप डी,फायर ऑपरेटर, कोई सोसिओ इकोनोमिक के अंक तो कोई हरियाणा पुलिस की भर्ती की समस्या को लेकर आया हुआ है` इन सभी भर्तियो पर कोर्ट केस चल रहे है` कोर्ट में इन भर्तियों को लेकर 22 अप्रैल को ग्रुप 56-57 और सोसिओ इकोनोमिक को लेकर 23 अप्रैल को सुनवाई है` लेकिन इन तारीखों पर जाने का समय आता है तो एजी साहब बीमार हो जाते है` वे एजी साहब को घी - दूध काजू -बादाम भेजने को तैयार है` उनकी सरकार से यही अपील है किसी दूसरे वकील को कोर्ट में भेजे और इन सभी भर्तियों को जल्द से जल्द कोर्ट केसों से बाहर निकलवाए , मजबूती से पैरवी कर निपटारा किया जाये और बेरोजगारों को नौकरी दी जाये` वही जयहिंद अपने साथ भंडारे का सामान जैसे घिया, पेठा की सब्जी, पनीर,मसाले, आटा, सरसों का तेल, चावल, छोले सहित तमाम सामग्री लेकर पहुंचे और कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को भी भर्तियां पूरी करने पर उनके नाम से देशी घी के भंडारे का ऑफर दिया था` मोजुदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी यही ऑफर है वे भर्ती पूरी करवाए और भंडारा करवाए` उन्हें अपनी सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री का वायदा जरुर पूरा करना चाहिए।



# सफलता: केएम में हो रहे है जोड़ प्रत्यारोपण के सफल ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा** । जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी ऐसी विधि है जिसके चलते खराब घुटना या कूल्हा बदलकर कृत्रिम कूल्हा या घुटना डाला जाता है। यह एक चुनौतीपूर्ण व जटिल सर्जरी है, जो कि जयपुर, दिल्ली के अस्पतालों में ही हो पा रहा था, किन्तु मथुरा सौंख रोड स्थित केएम विश्वविद्यालय का हॉस्पिटल ब्रज क्षेत्र में अनेक सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी कर एक उत्कृष्ट केन्द्र बन गया है।

गोल्ड मेडलिस्ट जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डा. हर्षित जैन ने बताया कि जोड़ प्रत्यारोपण एक जटिल किन्तु ऐसी विस्मयकारी सर्जरी है जो कि मरीजों के लिए वरदान स्वरूप है। पहले जो लोग घुटने व कूल्हें खराब होने के चलते चल नहीं पाते थे या दैनिक क्रिया नहीं कर पाते थे, वह अब बिना किसी दर्द के न केवल अपनी दैनिक क्रिया जाना, अपितु सभी काम आसानी से कर पाते है। जो मरीज पहले दो तीन कदम नहीं चल सकते थे, वह अब कई मीटर बिना किसी मदद के चल पाते है। असिटेंट प्रोफेसर डा. आनंद गुप्ता ने बताया कि विगत सप्ताह के दिनों में केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 53 वर्षीय आशा, 63 वर्षीय यदुवीर, 70 वर्षीय कमला देवी, 61 वर्षीय कलावती का सफल घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया है। सभी मरीज पूर्णतः स्वस्थ है व केएम हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक टीम का साधुवाद कर रहे हैं। इन सर्जरी में डा. हर्षित जैन, डा. आनंद गुप्ता, डा. हरिबाबू मीना, डा. पंकज त्यागी व डा. शिवम गुप्ता का योगदान रहा है।

**योगदान**

**डा. हर्षित जैन, डा. आनंद गुप्ता, डा. हरिबाबू मीना, डा. पंकज त्यागी व डा. शिवम गुप्ता का योगदान रहा है**

# पूरे देश में मोदी सरकार के लिए प्रचंड जनमत: योगी

## स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है: सीएम

**दावा**

▸▸ स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की आठ सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। प्रधामंत्री के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी जी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है। जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया किया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा।

## 'भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ और लूट की बनी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मेरठ में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनीता वर्मा के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि दस साल में भाजपा की पहचान झूठ और लूट की बन गई है। हापुड़ रोड स्थित हाजीपुर गांव में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मेरठ सीट के टिकट को लेकर बहुत चर्चा हुई है। सामने वाले दल ने भी बहुत चर्चा की। पहले चरण के चुनाव से खबरें आ रही है कि पश्चिम की हवा भाजपा का सफाया करने जा रही है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। इनके घिसे-पिटे डायलॉग भी जनता सुनना नहीं चाहती है। भाजपा के नेताओं की कहानी भी कोई सुनना नहीं चाहता है। भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ और लूट की बनी है। भाजपा जितना झूठ किसी दल ने नहीं बोला होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लागू किए थे, उस समय यहां के किसानों ने दिल्ली में जाकर धरना दिया था। पुलिस किसानों के ट्रैक्टरों को पकड़ लेती थी। किसान घबराया नहीं और सालों तक लड़ता रहा। किसानों के आंदोलन से घबरा कर सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। किसान एमएसपी की कानूनी अधिकार की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार सुन नहीं रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के जितने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। किसान खुशहाल होने पर गरीबी अपने आप मिटनी शुरू हो जाएगी। जिस सरकार ने किसान को धोखा दिया हो और नौजवानों को परेशान किया हो, वह सरकारी नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के पेपर लीक होने से नौजवान निराश है। सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। पुलिस भर्ती की परीक्षा लाखों युवाओं ने दी थी। सरकार ने जान-बूझकर परीक्षा का पेपर लीक करा दिया। परीक्षा रद्द कराने को युवा सड़कों पर आ गए। सरकार को झुकना पड़ा और परीक्षा रद्द हो गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मेरठ में प्रधानमंत्री भी आए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घबराए हुए हैं और कई बार आ चुके हैं। 60 लाख युवा पुलिस भर्ती परीक्षा नहीं दे पाए। सरकार ने उनका भविष्य अंधकार में डाल दिया।

## सचिन पायलट ने दलित परिवार के घर किया भोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सवाई माधोपुर: लोकसभा** चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के सभी बड़े नेता अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए धुंआधार प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते नेताओं को समय पर भोजन करना भी नसीब नहीं हो रहा। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता कभी चलती कार में तो कभी हेलीकॉप्टर में तो कभी किसी कार्यकर्ता के घर पर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल था, जिसमें वे हेलीकॉप्टर में ही भोजन करते नजर आए थे। अब कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे चुनाव प्रचार के दौरान एक दलित परिवार के घर खाट पर बैठकर हाथ में थाली लेकर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो शुक्रवार का है। दरअसल, सचिन पायलट शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। पायलट पहले चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उसके बाद पायलट बामनवास क्षेत्र के खेड़ली गांव पहुंचे, वहां भी उन्होंने हरीश मीणा के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा व कार्यकर्ताओं के साथ एक दलित परिवार के घर पहुंचे। जहां उन्होंने खाट पर बैठकर हाथ में थाली लेकर भोजन किया।

**निर्देश**

▸▸ सचिन का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे दलित परिवार के घर खाट पर बैठकर भोजन कर रहे



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की शुरूआत की।

## बापूबाजार में निकला शाह का रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर:** लोकसभा चुनाव के मतदान से पांच दिन पहले शुक्रवार रात केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर के बापूबाजार में रोड शो कर मतदाताओं से प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में वोट की अपील की। भाजपा संगठन ने रोड शो निकालने का समय शाम 5 बजे घोषित किया था, मगर रोड शो बैंक तिराहे से रात 8 बजे शुरू किया गया। तीन घंटे देरी के बावजूद करीब 10 हजार भाजपा कार्यकर्ता बापूबाजार में डटे रहे। रोड शो एक खुली गाड़ी में निकला गया। गाड़ी की सजावट कर रथ का रूप दिया गया। रथ पर गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल और उदयपुर के लोकसभा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत मौजूद थे।

**अपील**

▸▸ बापूबाजार में रोड शो कर मतदाताओं से प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में वोट की अपील की

## भाजपा के रामशंकर ने किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मोतीझील ग्राउंड पर एक नामांकन सभा का आयोजन किया गया।

इस नामांकन सभा में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। नामांकन सभा में हजारों भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में अस्सी सीट और देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने का दावा किया।

## सपनों की उड़ान को लगे पंख..लड़कियों ने परचम लहराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौन:** शनिवार की दोपहर को घोषित हुए यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजों में इस बार भी लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। जालौन की लड़कियों ने बाजी मारते हुए यूपी टॉप फाइव में अपनी जगह बनाई है। उरई शहर के सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय की छात्राओं ने एक साथ प्रदेश भर में ३१ॉ, ४३ॅ और ५३ॅ रैंक हासिल की है। बेटियों ने यूपी टॉप में जगह बनाकर स्कूल ही नहीं बल्कि अपने परिवार और जिले का भी मान बढ़ाया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को हाईस्कूल तथा



इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। 10वीं क्लास की परीक्षा में सीतापुर की सीता बाल विद्या मंदिर महमूदाबाद इंटर कॉलेज की प्राची निगम टॉपर बनी हैं। टॉपर प्राची निगम को 98.5% नंबर मिले हैं। वहीं, फतेहपुर के मुस्तफापुर हुसैनगंज की दीपिका सोनकर 98.33 फीसदी नंबरों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जिनमें सीतापुर की नव्या सिंह, सीतापुर की ही स्वाति सिंह, जालौन की दीपांशी सिंह सेंगर और प्रतापगढ़ के अर्पित तिवारी 98 % नंबर पाकर तीसरे स्थान पर रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जैसे ही रिजल्ट की घोषणा की गई उसके बाद से छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

**नाम रोशन**

▸▸ जालौन की लड़कियों ने बाजी मारते हुए यूपी टॉप फाइव में अपनी जगह बनाई है

## पद्मश्री से सुशोभित होगी विंध्य क्षेत्र की कजरी गायन

**टीम एक्शन इंडिया**

मीरजापुर: नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विंध्य क्षेत्र की कजरी गायन और हस्तकला को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी। कजरी गायन के लिए उर्मिला श्रीवास्तव और हस्त निर्मित दरी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए खलील अहमद को 22 अप्रैल को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति भवन में 21, 22 और 23 अप्रैल को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।



**मेहनत और तपस्या का परिणाम... नेशनल अवार्ड और शिल्प गुरू से पद्मश्री तक का सफर:** इमामबाड़ा निवासी खलील (75) तीन पीढ़ियों से हस्त निर्मित दरी की कला से जुड़े हैं और इसे समृद्ध बना रहे हैं। खलील को वर्ष 2000 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया था। वर्ष 2007 में वस्त्र मंत्रालय के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शिल्प गुरू से पुरस्कृत किए गए थे। सहायक आयुक्त उद्योग अशोक कुमार ने बताया कि खलील का पूरा परिवार दरी कारोबार से जुड़ा है। इनके पुत्र रुस्तम शोहराब, इफ्तिखार अहमद, जलील अहमद भी हस्तकला से जुड़े हैं। खलील अहमद ने इसे वर्षों की मेहनत और तपस्या का परिणाम बताया। पुरस्कार से नई पीढ़ी को इस विधा से जुड़ने का संबल मिलेगा। कारीगरों के हुनर से मीरजापुर की कालीन दरी की दुनिया भर में पहुंच है। मीरजापुर की दरी को जीआई टैग का तमगा भी लग चुका है।

**सम्मान**

▸▸ कजरी गायन के लिए उर्मिला और हस्त निर्मित में खलील अहमद को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा

## अबकी बार-400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

चित्तौड़गढ़: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार राजस्थान के चुनावी समर में उतरे। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा उम्मीदवार सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। बेतहाशा गर्मी में भी राजस्थान की सड़कों पर 'मोदी-मोदी, योगी-योगी' की ही गूंज रही। आमजन से मिले स्नेह से अभिभूत योगी ने इस सीट पर फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया- अबकी पार 400 पार, फिर एक बार-मोदी सरकार। सीएम योगी व सीपी जोशी ने भैरो सिंह शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

**पहले चरण के तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है:** रोड शो के समापन स्थल पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि से वीरभूमि मेवाड़ को प्रणाम करने आया हूं। इस धरा का इतिहास है कि यह राष्ट्रवाद के मुद्दे से कभी विचलित नहीं हुई। भारत मां के सर्वस्व बलिदान के लिए यह वीरभूमि सदा तत्पर रही है। आधुनिक भारत के तीर्थ के रूप में इस धरा को पूरा भारत कोटि-कोटि प्रणाम करता है। सीएम योगी ने कहा कि शुक्रवार को संपन्न हुए पहले चरण के 102 लोकसभा सीटों के रुझान बताते हैं कि पूरे देश की आवाज है-फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार-400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा है।

**वोट की अपील**

▸▸ स्नेह से अभिभूत योगी ने फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया

**फास्ट न्यूज**

### दमकल कर्मियों ने मॉक ड्रिल में दिखाए करतब

**गुरुग्राम:** सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया। शहीद अग्निशमन अधिकारियों, कर्मचारियों की याद में मनाया जाने वाला अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया। सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को अग्निशमन कर्मचारियों ने विभिन्न तरीकों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डाक यार्ड में लगी भयंकर आग को बुझाते हुए 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसलिए हर साल 14 अप्रैल के दिन को अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

### गेहूं की उठान की मांग

**फतेहाबाद: जिले के उप**मंडल टोहाना के गांव ठरवा स्थित अनाजमंडी में अपनी गेहूं की फसल बेचने आए किसानों में मूलभूत सुविधाएं न मिलने से काफी गुस्सा है। मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के शासन और प्रशासन के दावे फेल साबित हो रहे है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व गेहूं का उठान तेज करवाने की मांग को लेकर शनिवार को किसानों ने ठरवां अनाज मण्डी में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर मण्डी से गेहूं का उठान तेज नहीं हुआ तो वे एसडीएम कार्यालय के बाहर गेहूं डालकर वहीं डेरा डालकर बैठ जाएंगे। ठरवा अनाजमंडी में गेहूं की फसल बेचने आए किसान सुनील कुमार, बंसीलाल ज्याणी, बलवीर सिंह समैन, रण सिंह ठरवी, अनूप ठरवा, कमल ज्याणी ने कहा कि मंडी में स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक किसानों के लिए शौचालय, पीने के शुद्ध पानी और रात के वक्त रोशनी जैसी सामान्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। मंडी में रोशनी का प्रबंध न होने की वजह से रात के अंधेरे में गेहूं चोरी के डर से किसानों को पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। किसानों ने कहा कि इस समय मण्डी में गेहूं की आवक काफी तेज हो गई है लेकिन समय पर गेहूं का उठान न होने की वजह से किसानों का सोना खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। इस कारण किसान और आढ़ती दोनों परेशान हैं लेकिन किसानों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। किसानों ने कहा कि गेहूं का उठान न होने के कारण सेंकड़ों किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह बनी हुई है कि खरीदा गया गेंहूं मंडी के प्लेटफार्म एवं फडों पर पड़ा हुआ है वहीं अब बारिश आ जाती है तो उनकी गेहूं की फसल खराब हो सकती है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मंडी में किसानों के लिए पीने के शुद्ध पानी, शौचालय, रात के समय रोशनी, गेहूं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों और मंडी में साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए और उनके गेहूं का अविलंब उठान कर भुगतान किया जाए।

### लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**गुरुग्राम: जिला की अना**ज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। लघु सचिवालय सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एंजेसियों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### 36 केन्द्रों पर 3 शिफ्ट में होगी यूपीएससी परीक्षा

**गुरुग्राम:** जिला गुरुग्राम में रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की आयोजित होने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एडिशनल लेबर कमिश्नर (एएलसी) कुशल कटारिया ने संबंधित सेंटर सुपरवाइजर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 36 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी।

**बैठक** वनाग्नि की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, घटना की सूचना मिलते ही तुरंत होनी चाहिए कार्रवाई: सीएम

## 'वनाग्नि की घटनाओं के लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो'

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाएं घटित होती हैं, उसके लिये संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो। जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रदेश में वनाग्नि की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ वनाग्नि की रोकथाम के संबंध में वर्चुअल बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गर्मियों के चार महीने वनाग्नि की दृष्टि से हमारे लिये चुनौतीपूर्ण होते हैं। इन महीनों में अधिक से अधिक सतर्क रहते हुए पूरा प्रयास किया जाए कि वनाग्नि की घटनाएं न के बराबर हों। जैसे ही वनाग्नि घटना की सूचना मिलती है,उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और जिसका रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को वनाग्नि की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर प्रभारी वनाधिकारी के स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाये। हेल्पलाइन नम्बर और टोल फ्री नंबर जारी करते हुए, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों में जागरूकता लाई जाए। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी सम्बंधित विभाग आपसी तालमेल स्थापित करना सुनिश्चित करने और इस कार्य में स्थानीय लोगों,जन-प्रतिनिधियों,ग्राम प्रधानों आदि का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाएं घटित होती हैं, उसके लिये संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में पिरुल का उपयोग किये जाने और आबादी क्षेत्रों में बंदरों के आवागमन को रोकने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

**दिशा-निर्देश**

▸▸ जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है, तो खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

